Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 252 | सोमवार, 21 सितम्बर-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मुख्यमंत्री योगी के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर खिले अभ्यर्थियों के चेहरे, बोले- बिना सिफारिश मिली नौकरी

### लिपिक संवर्ग सीधी भर्ती-2023 के चयनित अभ्यर्थियों ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की सराहना की

वेलकम इंडिया, नेटवर्क





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की लिपिक संवर्ग सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के चेहरे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर खिल उठे। उन्होंने एक स्वर में कहा कि मेहनत और योग्यता के आधार पर नौकरी मिलने से उनका वर्षों का सपना पूरा हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बताते हुए योगी सरकार की सराहना की।

### केवल फॉर्म भरने में खर्च किया था पैसा

वहीं, पुलिस सहायक उपनिरीक्षक लिपिक पद पर चयनित अंजू भारती ने कहा कि उनका चयन बिना किसी पक्षपात, लेनदेन और सिफारिश के हुआ है। उन्हें केवल फॉर्म भरने में पैसा खर्च किया था। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में बिना सिफारिश नौकरी मिलना संभव हो रहा है।

इसी पद पर चयनित आदर्श कुमार जैन ने भी भर्ती को निष्पक्ष और पारदर्शी बताते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) पद पर चयनित दर्शना बाजपेयी ने कहा कि भर्ती में कहीं भी सिफारिश या लेनदेन की जरूरत नहीं पड़ी। उन्हें केवल योग्यता के आधार पर नियुक्ति मिली है। दर्शना बाजपेयी ने बताया कि तीन साल की तैयारी के बाद मिली सफलता उनके और परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिलने की उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी।

### मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों को मिली सफलता

लखनऊ निवासी संजीव वर्मा का चयन उपनिरीक्षक (गोपनीय) के पद पर हुआ है। उन्होंने बताया कि परीक्षा 2 नवंबर 2025 को हुई थी और मार्च 2026 में परिणाम आया। संजीव ने कहा कि पूरी नियुक्ति निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से हुई है। मेहनत करने वालों को सफलता मिली है। मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। लखीमपुर खीरी निवासी रजत गुप्ता ने बताया कि उनका चयन भी उपनिरीक्षक (गोपनीय) के पद पर हुआ है। यूपी पुलिस में यह उनका दूसरा चयन है। वर्ष 2020 में वह आरक्षी पद पर चयनित हुए थे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में भर्तियां निष्पक्ष हो रही हैं। लिखित परीक्षा, टाइपिंग और मेडिकल की प्रक्रिया में भी पारदर्शिता रही।

### मुख्यमंत्री योगी के हाथों नियुक्ति पत्र पाने की है खुशी

पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पद पर चयनित धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों को सफलता मिली है। 5 साल से तैयारी कर रहे थे, अब जाकर सफलता मिली है।

आज बहुत खुशी का दिन है, मुख्यमंत्री जी के हाथों नियुक्ति पत्र मिला है। सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) के पद पर उनका चयन हुआ है। पूरी भर्ती निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराई गई है। 2021 से लगातार तैयारी कर रहे थे, आज नियुक्ति पत्र पाकर बहुत अच्छा लग रहा है।

## एमपी चीता परियोजना को मिला नया विस्तार

### गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में छोड़ी गई मादा चीता



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को नीमच और मंदसौर क्षेत्र में स्थित गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में मादा चीता सीसीबी-2 को खुले जंगल में छोड़ा। यह मध्य प्रदेश में चीता संरक्षण और पुनर्वास की दिशा में चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यह केवल मध्य प्रदेश तक सीमित पहल नहीं है, बल्कि एशिया में अपनी तरह की पहली परियोजना है। उन्होंने कहा कि एक समय एशिया से चीते पूरी तरह गायब हो गए थे और प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से मध्य प्रदेश सरकार ने इन्हें फिर से बसाने का काम आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा, 'आज मध्य प्रदेश में शावकों समेत 56 से ज्यादा चीते मौजूद हैं। यह उपलब्धि हमारी सरकार के काम करने के तरीके को दर्शाती है।' उन्होंने वन विभाग, उसके अधिकारियों और सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। अधिकारी के अनुसार, सीसीबी-2 का जन्म दक्षिण अफ्रीकी देश घाना में हुआ था। करीब ढाई साल की उम्र में उसे 28 फरवरी को भारत लाया गया था। भारत आने के बाद उसे कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पृथकवास में रखा गया।

## मुंबई में भीषण सड़क हादसा: ब्रिज से गिरी तेज रफ्तार कार, तीन लोगों की मौत; एक की हालत गंभीर

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** मुंबई के कोस्टल रोड पर रविवार तड़के हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। हादसा करीब सुबह 5:20 बजे लोटस जेट्टी के पास हुआ। बीएमसी के अनुसार, एक हाई-एंड लग्जरी कार मरीन ड्राइव से हाजी अली की ओर जा रही थी। इसी दौरान कथित तौर पर तेज रफ्तार के कारण चालक ने कार पर नियंत्रण खो दिया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

हादसे के बाद कार में सवार सभी चार लोगों को नायर अस्पताल ले जाया गया। इनमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब 5:20 बजे लोटस जेट्टी के पास, लाला कॉलेज के सामने हुआ।

### मुंबई सड़क हादसे में घायल युवक ट्रॉमा वार्ड में भर्ती

बृहन्मुंबई नगर निगम की ओर से जारी बयान के मुताबिक, नायर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा है कि मृतकों की पहचान शनाय गजल (21) और धीरिया सेठ (17) के रूप में हुई है, जबकि एक अज्ञात 25 वर्षीय युवक को भी मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, एक 20 वर्षीय अज्ञात युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है।

### कोस्टल रोड की सुरंग में कारों की रेस का दर्ज हुआ था मामला

इससे पहले 3 सितंबर को मुंबई पुलिस ने एक वायरल वीडियो का संज्ञान लिया था। वीडियो में मरीन ड्राइव से दक्षिण दिशा में जाने वाले कोस्टल रोड की सुरंग के भीतर लग्जरी और तेज रफ्तार कारों को खतरनाक तरीके से दौड़ाते और रेस करते हुए दिखाया गया था। इस मामले में कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### एक अन्य कार हादसे में घायल हुए थे तीन लोग

इस सप्ताह की शुरूआत में नवी मुंबई के वाशी में पीकेसी अस्पताल के पास तेज रफ्तार ऑफ-रोड एसयूवी की चपेट में आने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद चालक घायलों की मदद करने के बजाय मौके से फरार हो गया था। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था, लेकिन उसे गिरफ्तार नहीं किया गया। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35(3) के तहत उसे नोटिस जारी किया और बाद में छोड़ दिया।

## 'राजनीति में मस्ती-मजाक के लिए जगह होनी चाहिए'

### पीएम मोदी की मिमिक्री पर बोली ममता की टीएमसी

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** ममता बनर्जी की ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने राहुल गांधी का बचाव किया। हाल ही में इंदौर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री की थी। पार्टी ने कहा कि राजनीति में मजाक-मस्ती के लिए जगह होनी चाहिए। पार्टी के सीनियर लोकसभा सांसद सौगत रॉय ने कहा कि राहुल गांधी ने बस वही दोहराया जो खुद पीएम मोदी ने कहा था। इसमें कोई अपमान नहीं किया गया है।

समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए सौगत राय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो कहा था, उसे बस दोहराया गया है, यह किसी का अपमान नहीं है। राजनीति में मस्ती-मजाक के लिए जगह होनी चाहिए। उनका यह बयान कांग्रेस और ममता की टीएमसी के बीच नई नजदीकियों के संकेतों के बीच आया है। शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जो TMC के इस गुट की प्रमुख हैं, ने घोषणा की कि उनकी पार्टी आगामी नंदीग्राम उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन करेगी। नंदीग्राम सीट सुवेंदु अधिकारी के इस्तीफे से खाली हुई थी। अधिकारी ने ममता बनर्जी के गढ़ भवानीपुर सीट को अपने पास रखा था, जहां उन्होंने अप्रैल में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में ममता को हराया था। हालांकि, ममता बनर्जी की घोषणा के कुछ ही समय बाद, कांग्रेस के नंदीग्राम उम्मीदवार मिलन प्रधान को 2007 के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। प्रधान को 3 अक्तूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शनिवार को राहुल गांधी ने अपने 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान इंदौर में स्टैंड-अप कॉमेडियन पुलकित मणि के साथ मंच साझा किया। कार्यक्रम में नेता विपक्ष की टिप्पणियों और मिमिक्री वाले हाव-भाव की बीजेपी नेताओं ने आलोचना की।

## वाराणसी में 30 लाख के इनामी नक्सली ब्रिजेश गंझू ढेर, जानें कैसे हुआ एनकाउंटर?

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में रविवार सुबह उत्तर प्रदेश एटीएस और रामनगर पुलिस की टीम ने मुठभेड़ में 30 लाख रुपये के इनामी नक्सली कमांडर बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता को मार गिराया। मुठभेड़ रामनगर थाना क्षेत्र के लंका मैदान के पास हुई। पुलिस के मुताबिक, बृजेश प्रतिबंधित संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी यानी टीपीसी का कमांडर था। बृजेश पर कुल 30 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसमें झारखंड सरकार की ओर से 25 लाख रुपये और एनआईए की ओर से 5 लाख रुपये शामिल थे। वह कई मामलों में वांछित था।

पुलिस के मुताबिक, एटीएस को बृजेश के वाराणसी में होने की जानकारी मिली थी। वह अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से टेंगरा मोड़ से मुगलसराय की तरफ जा रहा था। टीम ने उसे रोकने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि बृजेश ने रुकने के बजाय गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी। घायल हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मुठभेड़ के दौरान एटीएस के उपाधीक्षक विपिन राय और हेड कांस्टेबल नितेंद्र कृष्ण की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी गोलियां लगीं। दोनों पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाने और मुठभेड़ की पूरी घटना की जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण ने बृजेश गंझू के एनकाउंटर पर कहा, 'आज सुबह एक नक्सली कमांडर के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई, जिस पर कुल 30 लाख रुपये का इनाम था। इसमें दूसरे राज्यों की ओर से 25 लाख रुपये और एनआईए की ओर से 5 लाख रुपये का इनाम था। इस कार्रवाई में उसकी मौत हो गई।' उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस की अपराधियों और माफिया के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस की नीति' है और इसी नीति के तहत लगातार कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बृजेश गंझू झारखंड के चतरा जिले का रहने वाला था और प्रतिबंधित संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी से जुड़ा था। पुलिस और जांच एजेंसियों के मुताबिक, वह संगठन में कमांडर की भूमिका में था और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज थे। एनआईए भी उसे कई मामलों में वांछित बता चुकी थी। पुलिस के मुताबिक, उसके खिलाफ हिंसा और अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़े मामले थे।

बृजेश की गिरफ्तारी के लिए झारखंड सरकार ने 25 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके अलावा एनआईए ने 5 लाख रुपये का इनाम रखा था। इस तरह उस पर कुल 30 लाख रुपये का इनाम था।

## कांगपोकपी में 7 ग्रामीणों की हिरासत के विरोध में हिंसक प्रदर्शन, एनएच-2 जाम



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सुरक्षाबलों द्वारा सात ग्रामीणों को हिरासत में लिए जाने के विरोध में कुकी समुदाय के लोगों ने हिंसक प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे मोटबुंग और आसपास के इलाकों में शुरू हुआ प्रदर्शन आधी रात तक जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाए और सरकारी वाहनों पर पथराव किया। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि खोलेन के सात ग्रामीणों को सुरक्षाबलों ने बिना कोई कारण बताए हिरासत में लिया। नगा बहुल चावांगकिंग गांव के पास स्थित खोलेन गांव पर हाल में सशस्त्र उपद्रवियों ने हमला किया था। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों के वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए भारी निर्माण उपकरणों का इस्तेमाल कर मोटबुंग में राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (इंफाल से दीमापुर) के कुछ हिस्सों को भी खोद दिया। सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे।

## आकाश के बाद अब दीपिका भी बाहर, मायावती ने अब ईशान आनंद को दिया मौका

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने परिवार के राजनीतिक भविष्य को लेकर एक बार फिर बड़ा फैसला किया है। ताजा जानकारी के मुताबिक, अब उनके भाई आनंद कुमार की बेटी कुमारी दीपिका आनंद को भी पार्टी में कोई जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही मायावती ने अपने छोटे भतीजे ईशान आनंद को पार्टी में जिम्मेदारी देकर आगे बढ़ाने की बात कही है। मायावती ने अपने फैसले को परिवार से ज्यादा पार्टी और बहुजन समाज के हित से जोड़ते हुए कई पुराने उदाहरण भी दिए हैं। मायावती ने कहा कि राजनीति में सफल होने और समाज के लिए काम करने के लिए भाई-बहनों और करीबी रिश्तेदारों के मोह से ऊपर उठकर ईमानदारी और निष्ठा से काम करना जरूरी है। उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम का उदाहरण देते हुए कहा कि राजनीति में आने के बाद उन्होंने अपने करीबी रिश्तेदारों को राजनीतिक फायदा देने से दूरी बनाए रखी थी। उनके मुताबिक, रिश्तेदारों को केवल पार्टी संगठन में बिना किसी निजी लाभ के काम करने की अनुमति थी। मायावती ने कहा कि उन्होंने भी कांशीराम के इसी रास्ते पर चलने का फैसला किया और अपना पूरा जीवन बहुजन समाज के लिए समर्पित किया। मायावती ने अपने बड़े भतीजे आकाश आनंद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आनंद कुमार के खास आग्रह पर उन्होंने आकाश आनंद को राजनीति में आगे बढ़ाया था। हालांकि, मायावती के मुताबिक शादी के बाद आकाश के व्यवहार और गतिविधियों में बदलाव आया।

मायावती ने कहा कि इसी वजह से उन्हें पार्टी से अलग करना पड़ा। उन्होंने आकाश पर अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में काम करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में आकाश को दोबारा पार्टी में शामिल करना पार्टी के साथ विश्वासघात होगा। मायावती ने अब यह साफ किया है कि दीपिका आनंद को भी पार्टी में कोई राजनीतिक जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। उन्होंने परिवार के सदस्यों को जिम्मेदारी देने के मामले में सावधानी बरतने की बात कही है। मायावती का कहना है कि शादी के बाद दीपिका भी आकाश की तरह ससुराल पक्ष के प्रभाव में आ सकती हैं। इसी संभावना को देखते हुए उन्होंने दीपिका को पार्टी की जिम्मेदारी से दूर रखने का फैसला किया है। यह फैसला कुछ दिन पहले के उनके रुख से अलग है। 12 सितंबर को मायावती ने कहा था कि अगर आनंद कुमार को पार्टी के काम में परिवार के किसी सदस्य की मदद की जरूरत हो तो उनकी बेटी दीपिका इसमें मदद कर सकती हैं।

## गुरुग्राम में 19वीं मंजिल से गिरे 2 मजदूर, 1 की मौत के बाद निर्माण स्थल पर भारी हंगामा



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** हरियाणा में गुरुग्राम के सेक्टर 113 स्थित एक निर्माण स्थल की 19वीं मंजिल से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिन्होंने कथित तौर पर कंपनी के अधिकारियों के साथ मारपीट की और मौके पर पहुंचे 'पुलिस आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन' (ईआरवी) के सामने का शीशा तोड़ दिया।

उन्होंने बताया कि बजघेड़ा थाना पुलिस अतिरिक्त बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान बिहार के कटिहार निवासी दिलखुश (19) के रूप में हुई है, जबकि घायल मजदूर की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी वासुदेव (29) के रूप में हुई है। दिलखुश सेक्टर 113 स्थित बिल्डर की स्मार्टवर्ल्ड परियोजना में काम करता था।

## संपादक की कलम

# युद्ध की राख से शांति का नया संसार कैसे बने?



ललित शर्मा
संपादक

21 सितम्बर का अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस इस वर्ष ऐसे समय में आया है, जब दुनिया को शांति की सबसे अधिक जरूरत है। रूस-यूक्रेन युद्ध लंबा खिंच चुका है, पश्चिम एशिया में इजराइल-गाजा संघर्ष की मानवीय त्रासदी समाप्त नहीं हुई है और 2026 में अमेरिका-इजराइल तथा ईरान के बीच भीषण सैन्य संघर्ष ने पूरे क्षेत्र की सुरक्षा एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। ऐसे वातावरण में शांति केवल एक आदर्श या कूटनीतिक शब्द नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व की अनिवार्य शर्त बन गई है। संयुक्त राष्ट्र ने 2026 के अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस की थीम रखी है-'शांति में निवेश करें-सभी के लिए, हर जगह, हर दिन।' संयुक्त राष्ट्र के अनुसार शांति का अर्थ केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि सुरक्षा, गरिमा, अवसर और सहयोग का ऐसा वातावरण है जिसमें मनुष्य भयमुक्त होकर जीवन जी सके। इस वर्ष विशेष रूप से उन 'रोजमर्रा के शांति-निमार्ताओं' को रेखांकित किया जा रहा है, जो अपने परिवार, समुदाय, विद्यालय और समाज में संवाद तथा विश्वास की नींव मजबूत करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भी शांति की खोज एवं शांति की स्थापना में होना चाहिए। ब्रिक्स 2026 की अध्यक्षता करते हुए भारत ने शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के महत्व को ही रेखांकित किया है। दुनिया की वर्तमान स्थिति इस संदेश को और महत्वपूर्ण बनाती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के साढ़े चार वर्ष से अधिक समय बाद भी हिंसा समाप्त नहीं हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जुलाई 2026 में यूक्रेन में कम-से-कम 437 नागरिक मारे गए और 2,610 घायल हुए-मार्च 2022 के बाद किसी एक महीने में दर्ज सबसे अधिक नागरिक क्षति में से एक है। मिसाइलों, ड्रोन और हवाई हमलों ने शहरों, ऊर्जा ढांचे और सामान्य नागरिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। सितंबर में अमेरिका, रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता फिर शुरू करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई है, लेकिन क्षेत्रीय नियंत्रण सहित कई महत्वपूर्ण प्रश्न अभी भी विवादित हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति भी विश्व-शांति के लिए गंभीर चुनौती है। गाजा में संघर्ष और मानवीय संकट पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार सितंबर 2026 में भी वहां हवाई हमलों और सैन्य कार्रवाइयों के कारण नागरिकों की मौतें जारी थीं और बड़ी संख्या में लोग विस्थापित जीवन जी रहे थे। दूसरी ओर, फरवरी 2026 से अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच शुरू हुआ संघर्ष क्षेत्रीय तनाव को व्यापक बना चुका है। ईरान के हमलों और अमेरिकी तथा इजराइली सैन्य कार्रवाइयों ने केवल संबंधित देशों को ही नहीं, बल्कि खाड़ी क्षेत्र, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों को भी प्रभावित किया है। सितंबर में भी इस युद्ध के समाप्त होने की स्पष्ट स्थिति नहीं बनी थी। इन युद्धों की सबसे बड़ी कीमत सैनिकों से कहीं अधिक आम नागरिक चुका रहे हैं। घर उजड़ते हैं, बच्चे शिक्षा से वंचित होते हैं, अस्पताल और ऊर्जा व्यवस्था प्रभावित होती है, रोजगार समाप्त होते हैं और लाखों लोग विस्थापित होते हैं। युद्ध केवल वर्तमान को नहीं जलाता, वह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी कमजोर करता है। इसलिए शांति की चर्चा केवल सीमाओं और सेनाओं के संदर्भ में नहीं, बल्कि मानवाधिकार, विकास, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा के संदर्भ में भी करनी होगी। शांति स्थापित करने का पहला रास्ता संवाद है। युद्धरत देशों के बीच प्रत्यक्ष संवाद कठिन हो सकता है, लेकिन असंभव नहीं। युद्ध के बीच भी मानवीय गलियारे, युद्धविराम, कैदियों की अदला-बदली, नागरिकों की सुरक्षा और मानवीय सहायता के रास्ते खुले रखने चाहिए।

## छँटे कपट का जाल

डॉ. सत्यवान सौरभ



कविता

काँटों ने भी ओढ़ ली, फूलों जैसी शान।
देख रहे माली खड़े, किसका करें बखान।।
रंग-बिरंगे फूल हैं, खुशबू सबकी खास।
नकली रंग चढ़ा हुआ, फिर भी पाता पास।।

माली बोला बाग में, सबका अपना मान।
काँटा जब चुभने लगा, भूल गया सम्मान।।
भौंरा मीठी बात कर, पी जाता रस फूल।
फूल खिले जिस डाल पर, जाए उसको भूल।।

खुशबू लेकर फूल की, इतराता बाजार।
मूल कहाँ किसका रहा, बदला सब व्यवहार।
तितली बैठी फूल पर, समझी सच्चा प्यार।
काँटों ने जब घेर लिया, समझ गई संसार।।

माली सींचे रात-दिन, उपवन हो गुलजार।
कुछ फूलों पर नाम लिख, कुछ पर पहरा चार।।
फूल खिले तो तितलियाँ, करतीं खूब निवास।
पतझड़ आते ही मगर, कोई न उनके पास।।

ओस-कणों की आड़ में, धूल छिपाए रूप।
सूरज निकला तो खुला, सबका सही स्वरूप।।
सुगंध के इस देश में, विष भी बिकता आज।
शीशी सुंदर देखकर, भूल गए अंदाज।।

फूलों जैसी बात थी, भीतर छिपे बबूल।
पास गए तो दे गए, काँटों के प्रतिकूल।।
बगिया में कुछ फूल हैं, कुछ काँटों का राज।
माली को पहचानना, पड़ता है हर आज।।

सच की धूप निकल पड़े, छँटे कपट का जाल।
फूल बचें, विष दूर हो, सुंदर हो हर डाल।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# प्रशासनिक करुणा अब ड्राई फ्रूट्स में पैक होकर आती है



प्रो. आरके जैन
लेखक



काजू और बादाम अब केवल मेवे नहीं रहे; वे लोकतंत्र की नई शब्दावली बन गए हैं। नांदेड़ (महाराष्ट्र) की सूखे की समीक्षा बैठक में मेज पर सजे काजू-बादाम ने सूखे की तस्वीर एक प्लेट में दिखा दी। एक ओर खेत था, जहाँ सोयाबीन जैसी फसलें पानी के इंतजार में सूख रही थीं; दूसरी ओर वातानुकूलित कक्ष था, जहाँ सूखे की समीक्षा के बीच काजू-बादाम सजे थे। वे निर्दोष थे—न उन्हें सूखे का पता था, न किसान की परेशानी का। उन्हें तो बैठक की शोभा बढ़ाने भेजा गया था। लेकिन निर्जीव चीजें भी बहुत कुछ कह जाती हैं। उस दिन काजू-बादाम सवाल छोड़ गए—जिस बैठक में सूखे की चिंता हो रही हो, वहाँ काजू-बादाम किस कहानी का स्वाद दे रहे थे?

मामला यहीं खत्म होता तो फाइलों में दब जाता। लेकिन कैमरे ने वह दिखा दिया, जो सरकारी रिपोर्टें अक्सर नहीं दिखा पातीं। सांसद के हाथ का काजू कैमरे में आया और सोशल मीडिया पर खेत से भी तेज फैल गया। किसान की सूखी फसल खबर नहीं बनी, काजू बन गया। यही विरोधाभास है—संकट सूखता रहा और उसकी साइड-डिश चर्चा में रही। एक ओर किसान की मिट्टी नमी को तरस रही थी, दूसरी ओर मेज पर सूखे मेवों की चमक थी। दोनों तरफ सूखापन था—किसान का संकट, मेवे का सरकारी आतिथ्य। कैमरे ने दोनों को एक फ्रेम में रखकर वह दूरी दिखा दी, जो खेत और सरकार के बीच किलोमीटरों की नहीं, संवेदना की है।

नांदेड़ बैठक के बाद हिंगोली में किसान ने पत्ते पर काजू-बादाम रखकर कृषि मंत्री को पेश किए, तो विरोध की भाषा बदल दी। यह भेंट नहीं, व्यवस्था को लौटाया गया उसका अपना स्वाद था—लीजिए साहब, बैठक में जो खाया था, वही खेत से उठाकर आपके सामने रख रहे हैं। कभी राजा को सोना-चाँदी भेंट किया जाता था; लोकतंत्र में किसान ने काजू-बादाम लौटा दिए। मगर उस पत्ते पर मेवे कम, सवाल ज्यादा था—जब आपकी मेज पर काजू है, तो हमारे खेत में पानी क्यों नहीं? यह भेंट नहीं, हिसाब था। किसान कह रहा था—हम आपकी मेज का स्वाद जानते हैं, आप हमारे खेत की प्यास जानिए। पत्ते पर रखा काजू मेवा नहीं, ऐसा सवाल था जिसे फाइल में दबाया नहीं जा सकता। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस पूरी कवायद को व्यवस्था ने एक शब्द में समेट दिया—प्रथा। जिस काम का कारण बताना कठिन हो, उसे प्रथा कह देना सबसे आसान रास्ता है। बैठक होगी तो नाश्ता होगा, नाश्ता होगा तो ड्राई फ्रूट्स होंगे, मेवे होंगे तो कोई खाएगा, तस्वीर बनेगी, विवाद होगा, संवेदनशीलता की अपील होगी और कुछ दिन बाद फिर वही थाली सज जाएगी। व्यवस्था का यह चक्र इतना सुचारु है कि सूखा भी इसे नहीं रोकता। बाढ़ आए, अकाल आए, किसान आत्महत्या करे या गाँव में पानी के लिए लाइन लगे—बैठक की मेज अपनी मयार्दा नहीं छोड़ती। हमारी प्रशासनिक संवेदना का सबसे मजबूत स्तंभ शायद कुर्सी नहीं, नाश्ते की प्लेट है।


काजू-बादाम की यह कहानी सिर्फ नांदेड़ तक सीमित नहीं; आपदाओं की समीक्षा बैठकों में अक्सर नाश्ते का इंतजाम भी होता है—मानो हर आपदा का अपना मेन्यू हो। आपदा जितनी गंभीर, नाश्ता उतना प्रतिष्ठित! किसान के घर चूल्हा ठंडा पड़े तो संकट, लेकिन बैठक में नाश्ता ठंडा हो जाए तो प्रशासनिक असुविधा। सूखे में किसान को मुआवजा, पानी, बीज और फसल चाहिए; व्यवस्था की चिंता है कि बैठक में किसी की ऊर्जा कम न हो। किसान खेत में पसीना बहाकर और व्यवस्था बैठक में काजू खाकर अपने-अपने तरीके से राष्ट्रनिर्माण में जुटी है।

कटघरे में काजू-बादाम हैं, जिनका अपराध सिर्फ इतना है कि वे गलत जगह थे। पेड़ से निकले, मजदूर ने तैयार किए, व्यापारी ने खरीदे, दुकानदार ने बेचे, कार्यालय ने बिल बनाया, कर्मचारी ने मंगाया और वे बैठक की प्लेट तक पहुँचे। फिर एक सांसद ने उन्हें उठाया और विवाद का बोझ उन्हीं पर आ गया। मेवे उस गवाह जैसे हैं, जो घटनास्थल पर था, अपराधी नहीं। सवाल है—उन्हें वहाँ किसने और क्यों रखवाया? क्या किसी ने सोचा कि सूखे की बैठक में काजू-बादाम का यह दृश्य कैसा लगेगा? हमारी व्यवस्था में जवाबदेही भी काजू-बादाम जैसी है—एक हाथ से दूसरे हाथ घूमती रहती है। अंत में प्लेट खाली होती है, जिम्मेदारी भी।

पूरी तस्वीर एक पत्ते और प्लेट के बीच सिमट जाती है—किसान के हाथ में पत्ता और सत्ता के सामने प्लेट। नेता इसमें प्रशासन देखते हैं, प्रशासन प्रक्रिया और विपक्ष संवेदनशीलता का सवाल; लेकिन किसान अपने खेत में खड़ा है। उसके सामने सूखी मिट्टी, फटी जमीन, खाली कुआँ और अनिश्चित मौसम है। उसके पास न टीवी बहस का समय है, न बयान लिखने का। इसलिए उसने पत्ते पर वही रख दिया, जो बैठक की मेज पर देखा था। बात इतनी-सी है, लेकिन गहरी—जिस किसान की समस्या पर बैठक हो रही थी, उसे मेज पर जगह नहीं मिली; उसके खेत से उठा सवाल जरूर उसी मेज तक पहुँच गया।

व्यवस्था की याददाश्त बड़ी दिलचस्प है। बैठक खत्म होते ही काजू-बादाम की चर्चा भी खत्म हो जाएगी, लेकिन जिस सूखे पर बैठक हुई, वह खत्म नहीं होगा। फाइल आगे बढ़ेगी, अधिकारी बदलेंगे, अगली बैठक होगी और मेज पर काजू की जगह कुछ और होगा। किसान का सवाल फिर भी वहीं रहेगा। असली दूरी काजू और किसान के बीच नहीं, बैठक की मेज और सूखे खेत के बीच है। किसान ने पत्ते पर काजू रखकर बस इतना दिखाया है कि जिस समस्या पर बैठक हो रही है, उसकी असली तस्वीर बैठक की मेज पर नहीं है। पत्ता हट जाएगा, तस्वीर बदल जाएगी, लेकिन सवाल रहेगा—जिस खेत के लिए बैठक हुई, वहाँ पानी कब पहुँचेगा?

# तो इसलिये अमेरिका को तेल उत्पादक देशों में अपनी पिट्ठू सरकार चाहिये ?



तनवीर जाफरी
लेखक




वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ़्लोरेस को अमेरिकी सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिसॉल्व नामक एक सैन्य अभियान के दौरान गत 3 जनवरी, 2026 को वेनेजुएला की राजधानी काराकास से हिरासत में ले लिया गया था। इस समय वे न्यूयॉर्क की एक फेडरल जेल में हिरासत में हैं। अमेरिकी न्याय विभाग का आरोप है कि मादुरो ने कोलंबिया के विद्रोही समूह एफ ए आर सी और लैटिन अमेरिका के बड़े ड्रग कार्टेल्स के साथ मिलकर पिछले दो दशकों से अमेरिका में भारी मात्रा में कोकीन भेजने की साजिश रची। अमेरिकी पक्ष का कहना है कि वेनेजुएला के शीर्ष अधिकारियों ने पैसों और सत्ता के लालच में ड्रग तस्करों को सुरक्षा प्रदान की। उधर अंतरराष्ट्रीय खुफिया डेटा और खुद अमेरिकी एजेंसियों की कुछ रिपोर्ट्स दशार्ती हैं कि वेनेजुएला दुनिया का मुख्य ड्रग उत्पादक देश नहीं है। इसके अलावा, ट्रम्प प्रशासन ने मादुरो को 'ट्रेन दे एरागुआ' जैसे आपराधिक गिरोहों से भी जोड़ने की कोशिश की, लेकिन अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को इसके भी पुख़्ता सबूत नहीं मिले। निकोलस मादुरो ने भी अमेरिकी अदालत में खुद को निर्दोष बताते हुए इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। रूस और चीन जैसे मादुरो समर्थक कई देशों का मानना है कि यह आरोप पूरी तरह से 'राजनीतिक हथियार' और एक बहाना हैं। दरअसल अमेरिका का असली मकसद वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन कर अपनी पिट्ठू सरकार बनाकर वहां के दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडारों पर अमेरिकी कंपनियों का नियंत्रण स्थापित करना था। खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मादुरो की गिरफ़्तारी के बाद यह बयान भी दिया था कि अमेरिका अब वेनेजुएला को चलाएगा और तेल संसाधनों पर ध्यान देगा। अमेरिकी अदालत में मादुरो का मुकदमा भी 1 जून, 2027 से शुरू होने जा रहा है। परन्तु यह स्पष्ट है कि अमेरिका ने गंभीर आपराधिक और ड्रग्स के आरोपों को आधार बनाकर ही इस बड़े सैन्य हस्तक्षेप और वेनेजुएला के राजनीतिक तख़्तापलट को अंजाम दिया।

इसके बाद इसी वर्ष 2026 में अमेरिका ने वेनेजुएला के कच्चे तेल के शिपमेंट और वित्तीय संपत्तियों पर सीधे तौर पर नियंत्रण हासिल किया है। जनवरी से अब तक अमेरिका ने स्किपर, मैरिनेरा, और बर्था जैसे वेनेजुएला से जुड़े कई तेल टैंकरों को समुद्र में प्रतिबंधित कर जब्त किया जिनमें से अकेले 'बर्था' टैंकर में 19 लाख बैरल और 'मैरिनेरा' आदि से करीब 20 लाख बैरल तेल जब्त किया गया। एक वित्तीय विश्लेषण के अनुसार, अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल निर्यात पर नियंत्रण करके इस साल 13 अरब डॉलर से अधिक की नकद राशि अमेरिकी खातों में जमा की है, जिसे अमेरिकी ट्रेजरी विभाग द्वारा मॉनिटर किया जा रहा है। गोया अमेरिका ने अब तक भौतिक रूप से करोड़ों बैरल निकाला हुआ तेल और 13 अरब डॉलर का कैश राजस्व अपने नियंत्रण में लिया है और कागजी व रणनीतिक तौर पर वेनेजुएला की जमीन के नीचे मौजूद 65 अरब बैरल के विशाल तेल भंडार के संचालन और दोहन का कानूनी अधिकार हासिल कर लिया है। गौरतलब है कि वेनेजुएला के पास लगभग 303 अरब बैरल का दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित कच्चा तेल भंडार है। और अमेरिका ने इसके लगभग पांचवें हिस्से पर नियंत्रण पा लिया है। यह 65 अरब बैरल का आंकड़ा कितना विशाल है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह अमेरिका के 46 अरब बैरल के अपने कुल तेल भंडारसे भी कहीं अधिक है। और यदि इसे भारत के संदर्भ में देखें तो यह भारत की लगभग 40 वर्षों के तेल आयात के बराबर है।

ठीक इसी तर्ज पर अमेरिका ईरान में भी तेल की लूट करना चाह रहा है। ईरान के पास लगभग 208 से 209 अरब बैरल का प्रमाणित तेल भंडार है। इस भंडार के साथ ईरान वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर आता है। इसी तेल भंडार पर कब्जा जमाने के लिये अमेरिका कभी ईरान में सत्ता विरोधी विद्रोह का फसाना गढ़ता है तो कभी वर्तमान सत्ता को आतंकवादियों को बढ़ावा देने वाली सत्ता बताता है। और जब इन चालों व साजिशों से भी बात नहीं बनती तो इस्राईल व अमेरिका मिलकर ईरान पर अकारण आक्रमण कर देते हैं। परन्तु ईरानी हुक्मरान पिछले 4 दशकों से अमेरिका की इस चाल से भली भांति वाकिफ हैं कि वह ईरान में एक बार फिर से वहां के पूर्व शासक रजा शाह पहेलवी की ही तरह अपनी कठपुतली सरकार बनाकर बिठाना चाहता है। ठीक उसी तरह जैसे सऊदी अरब सहित अन्य कई खाड़ी देशों में उसके इशारों पर चलने वाले शासक सत्तासीन हैं और लगभग वे सभी अमेरिका को न केवल उसकी मर्जी के अनुसार उसे तेल निर्यात कर रहे हैं बल्कि अपने अपने देशों की सुरक्षा के नाम पर अमेरिका से हथियार भी खरीदते रहते हैं। इतना ही नहीं बल्कि ऐसे देशों को अमेरिका ने उनकी सुरक्षा का भी भरोसा दिलाया है। जिस भरोसे को ईरान ने पिछले दिनों उस समय चकनाचूर कर के रख दिया जबकि ईरान ने पिछले दिनों हुये युद्ध के दौरान मध्य एशियाई देशों में मौजूद कई अमेरिकी सैन्य ठिकानों को ही तबाह कर डाला।

मध्य पूर्व के खाड़ी देशों में सऊदी अरब पारंपरिक रूप से अमेरिका को तेल निर्यात करने वाला सबसे प्रमुख मुस्लिम देश है। अमेरिकी रिफाइनरियों के लिए सऊदी अरब भारी कच्चे तेल का एक महत्वपूर्ण स्रोत बना हुआ है। सऊदी अरब के बाद खाड़ी देशों में इराक, अमेरिका को कच्चा तेल निर्यात करने वाला दूसरा सबसे बड़ा मुस्लिम देश है। कुवैत भी अमेरिकी रिफाइनरियों को अपनी तेल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगातार कच्चे तेल की आपूर्ति करता है। संयुक्त अरब अमीरात अथवा यूएई भी समय-समय पर अमेरिकी बाजारों में कच्चा तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद भेजता है। इसके अलावा अफ़्रीकी मुस्लिम बहुल देशों में लीबिया से भी अमेरिका हाल के वर्षों में अच्छी मात्रा में कच्चा तेल आयात करता रहा है। इसी तरह नाइजीरिया का 'स्वीट क्रूड' यानी कम सल्फर वाला तेल अमेरिकी बाजार में निर्यात किया जाता है। उत्तरी अफ़्रीकी देश अल्जीरिया भी अमेरिका को कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति करता है। और इस तरह वैश्विक स्तर पर तेल दोहन के परिणाम स्वरूप पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश बन चुका है। इस वजह से मध्य पूर्व और ओपेक देशों से अमेरिका की तेल निर्भरता काफी घट गई है। अमेरिका अपनी जरूरत का सबसे बड़ा हिस्सा अब ओपेक देशों के बजाय अपने पड़ोसी देश कनाडा और मैक्सिको से आयात करता है। हाँ कुछ अमेरिकी कानून और प्रतिबंधों की वजह से और खासकर अमेरिका की कठपुतली सत्ता न होने की वजह से भी ईरान जैसे देश से अमेरिका कच्चा तेल आयात नहीं कर पाता। इसलिये अमेरिका को तेल उत्पादक देशों में अपनी पिट्ठू सरकार चाहिये ताकि अपनी मर्जी व अपनी सुविधानुसार मनमाने तरीके से विश्व के तेल भंडारों पर अपना नियंत्रण कायम किया जा सके ?

# सभी टैक्स खत्म हों: मात्र दो प्रतिशत 'बैंक ट्रांजेक्शन टैक्स' से क्या बदल सकती है पूरी कर-व्यवस्था?



एनके शर्मा
लेखक




कर केवल सरकार की आय का साधन नहीं होता; वह नागरिक और राज्य के बीच आर्थिक संबंध की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी भी है। आधुनिक अर्थव्यवस्था में नागरिक आय अर्जित करता है, वस्तु खरीदता है, सेवा लेता है, निवेश करता है, संपत्ति खरीदता है, बैंक में पैसा जमा करता है और फिर उसी धन को अनेक आर्थिक गतिविधियों में घुमाता है। इन गतिविधियों पर अलग-अलग चरणों में आयकर, जीएसटी, स्टांप ड्यूटी, उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क, संपत्ति कर, पूंजीगत लाभ कर और अनेक प्रकार के उपकर एवं शुल्क लगते हैं। परिणाम यह है कि सामान्य नागरिक के लिए कर-व्यवस्था केवल भुगतान की व्यवस्था नहीं रह जाती, बल्कि अनुपालन, कागजी कार्यवाही, रिटर्न, नोटिस, ऑडिट और विवादों का एक जटिल संसार बन जाती है।

इसी पृष्ठभूमि में यह विचार अत्यंत आकर्षक दिखाई देता है कि यदि लगभग सभी मौजूदा कर समाप्त करके बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से होने वाले प्रत्येक योग्य लेन-देन पर केवल 2 प्रतिशत 'बैंक ट्रांजेक्शन टैक्स' (BTT) लगाया जाए, तो क्या सरकार को पर्याप्त राजस्व मिल सकता है और क्या इससे कर-व्यवस्था सरल, पारदर्शी तथा चोरी-मुक्त बन सकती है?

विचार नया नहीं है। वित्तीय लेन-देन करों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंबे समय से बहस होती रही है। IMF के शोध के अनुसार बैंक-लेन-देन कर का आकर्षण इसकी विशाल कर-आधार में है—बैंकिंग प्रणाली से गुजरने वाले लेन-देन का कुल मूल्य GDP से कई गुना हो सकता है और बैंक अपेक्षाकृत कम संख्या में होने के कारण कर-संग्रह प्रशासन भी सरल हो सकता है। भारत में भी बैंकिंग लेन-देन कर का प्रयोग अतीत में हुआ था; 2005 के बैंकिंग कैश ट्रांजेक्शन टैक्स की दर 0.1 प्रतिशत थी और बैंक उसके संग्रहकर्ता थे। लेकिन यहीं से सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न पैदा होता है—क्या 2 प्रतिशत की दर वास्तव में इतनी छोटी है कि उसका आर्थिक प्रभाव नगण्य रहेगा? उत्तर सीधा नहीं है।

भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से डिजिटल हो रही है। RBI के अनुसार 2023-24 में डिजिटल खुदरा लेन-देन का हिस्सा खुदरा भुगतान के कुल मूल्य में 90.9 प्रतिशत तक पहुंच गया था और UPI खुदरा भुगतान की मात्रा में 79.6 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता था। इसका अर्थ है कि यदि बैंक खाते से निकलने या उसमें आने वाले प्रत्येक आर्थिक प्रवाह पर 2 प्रतिशत कर लगाया जाए, तो कर-आधार अत्यंत विशाल होगा। यही इस प्रस्ताव की सबसे बड़ी शक्ति भी है और सबसे बड़ा खतरा भी। मान लीजिए किसी व्यापारी का सालाना कारोबार 1 करोड़ है। यदि उसका माल कई चरणों से गुजरते हुए बैंक खातों के माध्यम से भुगतान होता है और प्रत्येक संबंधित बैंक लेन-देन पर 2 प्रतिशत कर लगे, तो यह कर केवल वास्तविक लाभ पर नहीं, पूरे प्रवाह पर बार-बार लग सकता है। किसी कंपनी को 10 करोड़ का कच्चा माल खरीदना पड़ा, 12 करोड़ की बिक्री हुई, कर्मचारियों को भुगतान हुआ, बैंक ऋण की किस्त गई, आपूर्तिकताओं को भुगतान हुआ—यदि हर बैंक प्रवाह कर के दायरे में आता है तो एक ही आर्थिक गतिविधि अनेक बार कराधान का आधार बन सकती है। इसीलिए '2 प्रतिशत' को केवल प्रतिशत के रूप में देखना भ्रामक हो सकता है। वास्तविक भार इस बात पर निर्भर करेगा कि कर किस लेन-देन पर, किस पक्ष से, कितनी बार और किन अपवादों के साथ लगाया जाता है। फिर भी इस विचार में एक असाधारण क्षमता छिपी है। आज कर-व्यवस्था में कर चोरी रोकने के लिए सरकार को आय का स्रोत, खर्च, बिल, चालान, स्टॉक, लाभ, पूंजीगत लाभ और अनेक दस्तावेजों की जांच करनी पड़ती है। इसके विपरीत बैंक-आधारित कर में भुगतान का डिजिटल निशान स्वयं प्रमाण बन सकता है। कर-संग्रह का बड़ा हिस्सा स्वचालित हो सकता है। करदाता को हर छोटे लेन-देन का कर स्वयं जमा करने के बजाय बैंक प्रणाली ही निर्धारित राशि काटकर सरकार को भेज सकती है। यहां पारदर्शिता का एक नया मॉडल उभरता है—'करदाता के पीछे कर अधिकारी' के बजाय 'लेन-देन के साथ कर-संग्रह'। इसका दूसरा संभावित लाभ काले धन के विरुद्ध हो सकता है। यदि अर्थव्यवस्था का अधिकांश कारोबार बैंकिंग चैनल में आ जाए और नकद लेन-देन को सीमित रखा जाए, तो अघोषित आर्थिक गतिविधियों के लिए स्थान कम हो सकता है। लेकिन यह मान लेना भी उचित नहीं होगा कि केवल बैंक टैक्स से काला धन स्वतः समाप्त हो जाएगा। जब तक नकद अर्थव्यवस्था, बेनामी संपत्ति, फर्जी कंपनियां, व्यापारिक अंडर-इनवॉयसिंग, हवाला और सीमा-पार वित्तीय प्रवाह जैसे रास्तों पर अलग नियंत्रण नहीं होगा, कर-चोरी के नए रास्ते खोजे जा सकते हैं। एक और गंभीर प्रश्न है—क्या हर बैंक लेन-देन वास्तविक आर्थिक आय है? नहीं। एक व्यक्ति अपने ही एक खाते से दूसरे खाते में 5 लाख स्थानांतरित कर सकता है। किसी कंपनी की शाखाओं के बीच 10 करोड़ का आंतरिक हस्तांतरण हो सकता है। बैंक ऋण खाते में आता है और फिर खर्च होता है। किसी संपत्ति की बिक्री में प्राप्त रकम फिर निवेश खाते में चली जाती है। यदि हर बार 2 प्रतिशत कर लगाया गया तो वास्तविक आय या उपभोग से कहीं अधिक राशि कराधान के चक्र में आ सकती है। इसी कारण ऐसी व्यवस्था में 'योग्य बैंक ट्रांजेक्शन' की अत्यंत सटीक परिभाषा आवश्यक होगी। स्वयं के खातों के बीच हस्तांतरण, ऋण की मूल राशि, बैंकिंग समायोजन, सरकारी भुगतान, कुछ सामाजिक सुरक्षा भुगतान और कुछ संस्थागत लेन-देन को बाहर रखना पड़ सकता है। दुनिया के अनुभव भी सावधान करते हैं। IMF के शोध में वित्तीय लेन-देन करों के संभावित राजस्व लाभ के साथ यह चिंता भी सामने आती है कि लेन-देन कर वित्तीय बाजारों की दक्षता, पूंजी की लागत और निवेश व्यवहार को प्रभावित कर सकता है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समन्वय न होने पर लेन-देन दूसरे क्षेत्रों में स्थानांतरित हो सकते हैं।

इसलिए प्रश्न यह नहीं होना चाहिए कि '2 प्रतिशत बैंक टैक्स लगा दें और सारी समस्याएं समाप्त हो जाएंगी।' प्रश्न होना चाहिए—क्या एक ऐसी नई कर-व्यवस्था बनाई जा सकती है जिसमें कर-संग्रह सरल हो, चोरी कठिन हो, गरीब पर अनुपातहीन भार न पड़े और उत्पादक आर्थिक गतिविधियों पर अनावश्यक दंड न लगे? भारत का वर्तमान राजस्व ढांचा इतना बड़ा है कि किसी भी वैकल्पिक कर व्यवस्था को अत्यंत गंभीर गणित की आवश्यकता होगी। 2025-26 के केंद्रीय बजट में अकेले निगम कर का बजट अनुमान लगभग 10.82 लाख करोड़ रखा गया था। 2026-27 के राजस्व दस्तावेज में 2024-25 के आकलन वर्ष के लिए दाखिल आयकर रिटर्नों में कुल सकल कर देयता लगभग 18.70 लाख करोड़ बताई गई है। इसलिए 'सभी कर समाप्त' करने के लिए वैकल्पिक स्रोत की क्षमता को केवल बैंकिंग लेन-देन की विशाल मात्रा देखकर नहीं, बल्कि वास्तविक कर-योग्य आधार और संभावित व्यवहारिक बदलावों को ध्यान में रखकर परखा जाना चाहिए।

# श्रीराधा के चरणों का अनुगत्य ही श्रीकृष्ण प्रेम की ओर ले जाने वाला मार्ग: चंचलापति दास

## वृन्दावन चन्द्रोदय मंदिर में भक्तिमय वातावरण में मनाया गया राधाष्टमी महामहोत्सव

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**मथुरा/वृन्दावन।** चन्द्रोदय मंदिर में ब्रज की अधिष्ठात्री देवी एवं भगवान श्रीकृष्ण की आह्लादिनी शक्ति श्रीमती राधारानी का प्राकट्योत्सव राधाष्टमी आध्यात्मिक उल्लास, वैदिक परंपराओं एवं हरिनाम संकीर्तन के साथ भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगे पुष्पों, आकर्षक सजावट एवं मनोहारी विद्युत रोशनी से सुसज्जित किया गया। श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र के विशेष श्रृंगार, फूल बंगला, महाभिषेक, छप्पन भोग, झूलन उत्सव, हरिनाम संकीर्तन एवं विशेष आरती ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से अभिभूत कर दिया। राधाष्टमी के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य श्रीमती राधारानी एवं ठाकुर श्री वृन्दावन चंद्र का दिव्य महाभिषेक किया गया। पंचामृत, विभिन्न प्रकार के फलों के रस, सुगंधित द्रव्यों, औषधीय सामग्री एवं पुष्पों से अभिषेक संपन्न हुआ। इसके पश्चात श्रीराधा-वृन्दावन चंद्र को नवीन रेशमी एवं आकर्षक परिधानों तथा आभूषणों से अलंकृत किया गया। मंदिर परिसर में सजे मनोहारी फूल बंगले और झूलन उत्सव के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों को संबोधित करते हुए चन्द्रोदय मंदिर के अध्यक्ष श्री चंचलापति दास जी ने कहा कि 'श्रीमती राधारानी भगवान श्रीकृष्ण की आह्लादिनी शक्ति और शुद्ध प्रेम की सर्वोच्च अभिव्यक्ति हैं। श्री चैतन्य-चरितामृत में श्रीराधारानी को 'महाभाव-स्वरूपा' कहा गया है। अर्थात भगवान श्रीकृष्ण के प्रति निष्काम एवं पूर्ण प्रेम का सर्वोच्च स्वरूप श्रीराधारानी में प्रकट होता है।' उन्होंने कहा कि श्रीराधा की सेवा, उनके चरणों का अनुगत्य और उनके प्रेममय भाव का अनुसरण भक्त को श्रीकृष्ण की शुद्ध भक्ति की ओर ले जाता है। श्री चंचलापति दास जी ने कहा कि 'श्रीकृष्ण भक्ति गुरु, वैष्णव एवं भगवान की कृपा से हृदय में प्रकट होने वाला दिव्य भाव है।' श्री चैतन्य महाप्रभु ने श्रील रूप गोस्वामी को उपदेश देते हुए कहा है कि 'ब्रह्माण्ड भ्रमिते कोन भाग्यवान जीव। गुरु-कृष्ण-प्रसादे पाय भक्ति-लता-बीज॥' अर्थात इस संसार में अनेक योनियों में भ्रमण करते हुए जीवों में कोई अत्यंत भाग्यवान जीव ही गुरु और श्रीकृष्ण की कृपा से भक्ति-लता का बीज प्राप्त करता है। 'जब भक्त श्रीराधारानी के चरणों में सेवा और अनुगत्य का भाव विकसित करता है, तो उसके भीतर श्रीकृष्ण के प्रति निष्काम प्रेम एवं भक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।' यही कारण है कि गौड़ीय वैष्णव परंपरा में श्रीराधा की कृपा श्रीकृष्ण-प्रेम की साधना में अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। राधारानी के प्राकट्य उत्सव के अवसर पर सम्पूर्ण मंदिर परिसर में अखंड हरिनाम संकीर्तन एवं भजन-संध्या का आयोजन किया गया। भक्तों ने 'हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण, हरे हरे। हरे राम, हरे राम, राम राम, हरे हरे' महामंत्र का सामूहिक संकीर्तन करते हुए भाव-विभोर होकर सहभागिता की। श्रीराधा-वृन्दावन चंद्र के झूलन उत्सव एवं विशेष आरती के दौरान मंदिर का वातावरण राधे-राधे के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। भक्तों ने भगवान के दिव्य दर्शन कर सुख, शांति एवं श्रीकृष्ण भक्ति की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। राधाष्टमी महामहोत्सव में मथुरा, आगरा, दिल्ली, लखनऊ, जयपुर, भरतपुर, फरीदाबाद, गुरुग्राम सहित उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु वृन्दावन पहुंचे। श्रद्धालुओं ने श्रीराधा-वृन्दावन चंद्र के दिव्य दर्शन किए और महाभिषेक, झूलन उत्सव, भजन-संकीर्तन एवं आरती में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## दिल्ली में नरेंद्र मोदी विकास मिशन के केंद्रीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार विद्यार्थी ने काटा रिबन



**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में नरेंद्र मोदी विकास मिशन के केंद्रीय कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र मोदी विकास मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार विद्यार्थी ने रिबन काटकर केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मिशन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में संगठन की गतिविधियों, आगामी योजनाओं और जनहित से जुड़े कार्यों को लेकर चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार विद्यार्थी ने कहा कि केंद्रीय कार्यालय के माध्यम से संगठन की गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित करने और विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकताओं के साथ समन्वय को मजबूत करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन पर खुशी जताई और संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। दिल्ली में नरेंद्र मोदी विकास मिशन के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम रहा। रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार विद्यार्थी ने किया, जहां संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। मौके पर सीनियर अधिवक्ता विधि सलाहकार प्रकाश सिंह तोमर, आशीष गुप्ता राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, बैजू कुमार यादव, रंजीत कुमार राष्ट्रीय महामंत्री तमाम कार्यकता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आदर्शनगर में सचिन पर जानलेवा हमला, नामजद आरोपी गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने मौहल्ला आदर्शनगर निवासी सचिन पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने मुकदमा संख्या 551/2026, धारा 109(1), 115(2), 351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त कुनाल पुत्र अशोक, निवासी मौहल्ला आदर्शनगर कॉलोनी, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ को मोदीनगर रोड से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## सिलाई के हुनर से आत्मनिर्भरता की नई उड़ान, जानकी देवी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को बांटे गये प्रमाण-पत्र



**वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़।** महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जानकी देवी फाउंडेशन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को शिवनगर, हापुड़ स्थित सिलाई केंद्र पर तीन माह का प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।सिलाई केंद्र का संचालन खुशबू द्वारा किया जा रहा है। केंद्र पर तीन माह के प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाली महिलाओं को कार्यक्रम के दौरान प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रमाण-पत्र प्राप्त करते समय महिलाओं में उत्साह और खुशी का माहौल दिखाई दिया।कार्यक्रम में जानकी देवी फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती संतोष सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बहुजन समाज पार्टी से जुड़ीं महिला कार्यकर्ता, गीता देवी, पूनम, महिला जागृति फाउंडेशन की अध्यक्ष गीता पैट्रिक, बबीता, कुसुम, अशोक कुमार गौतम, अमरजीत भार्गव, जयप्रकाश, अनिल, सतीश आजाद, सतीश चंद्र वर्मा, दीपक बौद्ध, संजय वैद्य, दिलीप एडवोकेट एवं सुंदर मास्टर सहित संस्था के गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में फाउंडेशन के अन्य सिलाई केंद्रों पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं करीब 300 महिलाओं ने भी सहभागिता की। बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी से कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को हुनर और प्रशिक्षण से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के अवसर उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। सिलाई प्रशिक्षण महिलाओं के लिए रोजगार और स्वाव लंबन की दिशा में महत्वपूर्ण माध्यम साबित हो सकता है। जानकी देवी फाउंडेशन की यह पहल महिलाओं को हुनर से जोड़ने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करने का संदेश दे रही है।

## दीप जलाकर, केक काटकर मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन



**बिजनौर (वेलकम इंडिया)।** नारी शक्ति संगठन की बहनों ने मिलकर बुखारा के विदुर नगर कॉलोनी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाडा एवं सेवा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प *के अंतर्गत सर्वप्रथम पीपल का पौधा लगाकर पौधारोपण का कार्यक्रम किया। तत्पश्चात संगठन की महामंत्री शारदा चौधरी के आवास पर उनके जन्मदिवस का केक काटकर ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है उनके नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा वैश्विक स्तर पर मजबूत हुई है प्रधानमंत्री जी ने देश के विकास के साथ साथ -महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को भी प्राथमिकता दी है। हमारा देश इसी तरह से उन्नति के पथ पर निरंतर प्रगतिशील रहकर आगे बढ़ता रहे !यही कामना करते हैँ। नारी शक्ति संगठन की सभी बहनें उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना करती हैं। इस मौके पर संगठन की महामंत्री गार्गी अग्रवाल, उपाध्यक्ष निधि वर्मा, वंदना गुप्ता, पूनम शर्मा मंत्री मनीषा गुप्ता, रश्मि तोमर अंशु विश्नोई, सुनीता शर्मा, शीतल भारद्वाज, रीना चौधरी, सुधा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, मीडिया प्रभारी डोली शुक्ला, सदस्य माही, आशा शर्मा, बबिता आदि मौजूद रही।

## बभनियांव में नवनियुक्त जिला एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों का स्वागत व सम्मान समारोह

**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**





**वाराणसी/मिजार्मुराद।** बभनियांव में जय नारायण सिंह की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों के स्वागत एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रोहनिया के पूर्व विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रामशकल पटेल सहित पार्टी के नव नियुक्त पदाधिकारियो को दिनेश सिंह, अभिषेक सिंह, कमलेश सिंह, संदीप सिंह, आदित्य सिंह, आशीष सिंह, अनिल सिंह, रजत सिंह, सोनू सिंह, अमित सिंह ने माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकताओं को साथ लेकर चलने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनकल्याणकारी नीतियों व भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। नए दायित्व, नई ऊर्जा और नए संकल्प के साथ संगठन को सशक्त बनाने का यह आयोजन कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा। कार्यक्रम का संचालन आशीष राय तथा धन्यवाद ज्ञापन दिनेश सिंह की।समारोह में मुख्य रूप से क्षेत्रीय मंत्री प्रवीण सिंह गौतम, जिला महामंत्री संजीव सिंह गौतम, अजय दूबे, अजय सिंह मुन्ना, अजय दुबे ,अश्वनी पांडेय, सीए प्रमोद सिंह, राकेश विन्द, अभिषेक त्रिपाठी सुमित, पवन सिंह, जगदीश जायसवाल, बीरू सिंह, बृजेश राजभर, अरविंद मिश्रा, विकास दुबे इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीण चिकित्सक का ईख के खेत में मिला शव, गांव में मचा हड़कंप

### सुसाइड नोट मिलने का दावा, 10 लाख रुपये मांगने और उत्पीड़न के आरोप, पुलिस लगातार जांच में जुटी





**वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर सलामतपुर में रविवार को ग्रामीण चिकित्सक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान गांव निवासी कुंवर पाल के रूप में हुई है, जो गांव में ही चिकित्सकीय कार्य करते थे। उनका शव गांव के ही एक ईख के खेत में मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

ग्रामीणों के अनुसार, कुंवर पाल की हालत बिगड़ने के बाद उनकी मौत हुई। प्रारंभिक तौर पर उनके द्वारा जहरीला पदार्थ खाने की बात भी सामने आ रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक के मोबाइल फोन के कवर से एक कथित सुसाइड नोट मिला है। इसमें 10 लाख रुपये मांगे जाने और रुपये नहीं देने पर जेल भिजवाने की धमकी दिए जाने का उल्लेख होने की बात कही जा रही है। नोट में कई लोगों के नाम लिखे होने की भी जानकारी सामने आई है। वहीं, मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि कुंवर पाल को पिछले करीब दो माह से मानसिक रूप से परेशान और प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों का दावा है कि लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया।घटना की सूचना मिलते ही बाबूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

### सीओ जियाउल हक हत्याकांड में राजा भैया को बड़ी राहत

# सीबीआई की फाइनल रिपोर्ट कोर्ट ने स्वीकार की, आगे की कार्रवाई की मांग हुई खारिज

**विजय द्विवेदी/वेलकम इंडिया**



**प्रतापगढ़।** वर्ष 2013 के बहुचर्चित सीओ जियाउल हक हत्याकांड में कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को बड़ी कानूनी राहत मिली है। लखनऊ की विशेष सीबीआई अदालत ने मामले की दोबारा जांच के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से दाखिल फाइनल रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। अदालत ने राजा भैया के खिलाफ आगे कार्रवाई किए जाने की मांग भी खारिज कर दी।

मामला 2 मार्च 2013 का है। प्रतापगढ़ के कुंडा क्षेत्र के बलीपुर गांव में प्रधान नन्हे यादव की हत्या के बाद उपजे विवाद और हिंसा की स्थिति को संभालने पहुंचे तत्कालीन सीओ जियाउल हक की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद उनकी पत्नी परवीन आजाद ने राजा भैया समेत कई लोगों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए शिकायत की थी। मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। प्रारंभिक जांच के बाद सीबीआई ने राजा भैया के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने की बात कहते हुए क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। परवीन आजाद ने इस रिपोर्ट का विरोध करते हुए दोबारा जांच की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने मामले में फिर से जांच की। दोबारा जांच के बाद सीबीआई ने भी राजा भैया के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने की बात कहते हुए फाइनल रिपोर्ट दाखिल की। 19 सितंबर 2026 को लखनऊ की विशेष सीबीआई अदालत ने उपलब्ध रिकॉर्ड, जांच रिपोर्ट और दस्तावेजों पर विचार करने के बाद फाइनल रिपोर्ट स्वीकार कर ली और आगे की कार्रवाई की मांग खारिज कर दी। इस आदेश के बाद जियाउल हक हत्याकांड से जुड़े मामले में राजा भैया के खिलाफ इस स्तर की कानूनी कार्यवाही समाप्त हो गई है। वहीं, हत्याकांड में अन्य आरोपियों के खिलाफ अलग से न्यायिक प्रक्रिया चल चुकी है और वर्ष 2024 में 10 आरोपियों को दोषी ठहराकर उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

## जनपद न्यायाधीश व डीएम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**विजय द्विवेदी/वेलकम इंडिया**



**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय व जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय द्वारा जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का व्यापक रूप से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार परिसर, विभिन्न बैरकों, पाकशाला, लाइब्रेरी, पुस्तकालय, चिकित्सालय, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। संयुक्त निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार में निरुद्ध बंदियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बंदियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध कराई जाएं। अधिकारियों ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था का भी गहन परीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी ने महिला बंदियों से उनके स्वास्थ्य, खान-पान, चिकित्सा सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। किशोर बैरक में अधिकारियों ने किशोर बंदियों से बातचीत कर उन्हें शिक्षा और सकारात्मक जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुमुद उपाध्याय, सिविल जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राधाष्टमी मेले में प्रशासन की व्यवस्थाएं हुई बेकाबू, मेला क्षेत्र में भगदड़ जैसे हुए हालात

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/बरसाना।** राधाष्टमी के अवसर पर बरसाना में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा को लेकर किए गए दावों के बीच रविवार को कई स्थानों पर श्रद्धालुओं को अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। राधारानी मंदिर मार्ग पर भीड़ का दबाव बढ़ने से कुछ देर के लिए भगदड़ जैसे हालात बन गए। राधारानी मार्ग पर लगाए गए बांस-बल्लियों और बैरिकेडिंग के कारण एक स्थान पर रास्ता संकरा हो गया। श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने के साथ वहां दबाव बढ़ता चला गया और धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। हालात बिगड़ने पर कुछ श्रद्धालु बैरिकेडिंग के ऊपर से निकलने का प्रयास करते नजर आए, जबकि कुछ लोगों ने नीचे से रास्ता बनाने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इसी दौरान युवती भीड़ के दबाव में नीचे गिर गई और उसके ऊपर से लोगों के पैर निकलने लगे। आसपास मौजूद श्रद्धालुओं ने किसी तरह उसे भीड़ से बाहर निकाला। स्थिति को संभालने के लिए कुछ लोगों ने रास्ते में लगाए गए बांस-बल्लियों को तोड़कर निकलने का रास्ता बनाया। घटना के दौरान कुछ देर तक श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी और भय का माहौल रहा। हालांकि, समय रहते लोगों के प्रयास से युवती को भीड़ से बाहर निकाल लिया गया। घटना ने राधाष्टमी जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग और सुरक्षित आवागमन की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। मौके पर चप्पे-चप्पे पर मौजूद पुलिसकर्मी भी महिला को भीड़ के दवाब से निकालने के बजाय इतर-बितर नजर आए। वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के दिशानिर्देशों के बावजूद विश्व विख्यात राधाष्टमी मेला पर नाकों पर मौजूद पुलिसकर्मियों की मनमानी पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालु हताश नजर आए। बरसाना के मुख्य प्रवेश मार्ग से वीआईपी जनप्रतिनिधियों, आला अधिकारियों के बच्चों को प्रवेश दिए जाने को लेकर श्रद्धालु बिफर उठे। इसी दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के खिलाफ नारेबाजी कर दोहरी व्यवस्था का आरोप लगाकर श्रद्धालुओं ने बैरीकेटिंग को पार कर लिया। भीड़ के भारी दवाब को देखते हुए मौके मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी बेबस होकर कुछ देर के लिए पॉइंट छोड़कर चले गए। लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए प्रशासन की व्यवस्थाओं की समीक्षा जरूरी मानी जा रही है। वहीं श्रद्धालुओं का कहना है कि विश्व प्रसिद्ध मेला में ही वीआईपी जनप्रतिनिधियों, आला अधिकारियों के परिवारिजनों को दोहरी व्यवस्था देना बंद होना चाहिए। राधारानी के दरबार में कोई बड़ा, छोटा नहीं है। अगर ये राधारानी के दरबार में भीड़ के साथ जाने में असमर्थ हैं तो इन लोगों को मेला के दौरान आने से बचना चाहिए।

# रमवापुर सरकारी विद्यालय में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का समापन, मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** रमवापुर सरकारी में श्री राम नरेश चौधरी कृषक विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय भारत स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर रविवार को समापन हो गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने तंबुओं में गृहस्थी बसाई और बिना बर्तन के खाना बनाने सहित कई गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में स्काउट की 16 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी थे। विशिष्ट अतिथि उपेंद्र कुमार और विद्यालय के संस्थापक राम नरेश चौधरी भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण बच्चों को आत्मनिर्भर बनाता है। यह उन्हें मुश्किल हालात में भी जीवन जीने की कला सिखाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया। और बच्चौ का उत्साह वर्धन, इस मौके पर जिला संगठन आयुक्त रमेश चंद्र यादव, अनूप कुमार, विजय कुमार, अनूप कुमार चौधरी, विशाल सैनी, रहमतुल्लाह चौधरी, बलिराम यादव, रामजीत यादव, अखिलेश कुमार, अजय कुमार चौधरी, सोनेलाल पटेल, राम अनुज, राम सुभग, वेद प्रकाश, वरन सिंह, प्रतिभा वर्मा, रेनू यादव, अनीता यादव, अंजली शुक्ला, हीरालाल चौधरी, सोनू चौधरी और अजय कुमार मौजूद थे। इनके साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं भी शामिल रहे। स्काउट वर्ग में भगत सिंह टीम के अंकुश यादव पहले, सुमित दूसरे और कृष्ण प्रताप तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, गाइड वर्ग में झांसी की रानी टीम की सादिया खातून पहले, आंचल दूसरे और महिमा यादव तीसरे स्थान पर रहीं।

# छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के मामले में एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** थाना दुधारा पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए छेड़खानी एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त को मुंडाडिहा खुर्द पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को संबंधित न्यायालय में पेश किया। थाना दुधारा के उपनिरीक्षक अनिल प्रकाश पांडेय, हेड कांस्टेबल सोनू पटेल, कांस्टेबल भीम कुमार और कांस्टेबल फुरकान अहमद की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अभियुक्त ताहिर पुत्र फारूक, निवासी मुंडाडिहा खुर्द को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त थाना दुधारा में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 381/2026 में धारा 74, 76, 115(2), 352, 351(3) भारतीय न्याय संहिता तथा 7/8 पॉक्सो अधिनियम के तहत वांछित था। मामले में 19 सितंबर 2026 को पीड़िता की ओर से थाने में शिकायत दी गई थी। शिकायत में नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी का आरोप लगाया गया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश शुरू की थी। पुलिस टीम ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर निगरानी रखी और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया था। रविवार को सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मुंडाडिहा खुर्द पुलिया के आसपास घेराबंदी कर अभियुक्त को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त से आवश्यक पूछताछ की और मामले से संबंधित विधिक कार्रवाई पूरी की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला एवं बाल अपराधों से जुड़े मामलों में आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई न्यायालय के निर्देशानुसार होगी।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 66 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, 29 की हुई जांच

# उबला पानी पिएं और मच्छरदानी का उपयोग करें: डॉ. अबु सूफियान

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मगहर में रविवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अबु सूफियान खान की देखरेख में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 66 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया, जबकि 29 लोगों की विभिन्न प्रकार की जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह देने के साथ ही आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अबु सूफियान खान ने बताया कि मेले में बुखार, खांसी, रक्तचाप, मधुमेह, बलगम समेत विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव के कारण कभी तेज धूप और उमस भरी गर्मी तो कभी बारिश हो रही है। ऐसे मौसम में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से साफ और उबला हुआ पानी पीने तथा मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इन दिनों डेंगू, मलेरिया, त्वचा रोग, फेफड़ों से संबंधित समस्या, मधुमेह और रक्तचाप के मरीजों के साथ वायरल बुखार, मियादी बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी, खुजली, फोड़े-फुंसी और फूड प्वाइजनिंग से पीड़ित मरीज भी स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे हैं। बच्चों में भी बुखार, दस्त, खांसी और त्वचा संबंधी समस्याएं देखने को मिल रही हैं। मरीजों का बीमारी के अनुसार उपचार किया जा रहा है। गंभीर बीमारी या अन्य विशेष जांच की आवश्यकता वाले मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खलीलाबाद के लिए रेफर किया जाता है। डॉ. अबु सूफियान ने लोगों को हरी सब्जियों और सलाद का सेवन करने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में खान-पान और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही से बचना जरूरी है। जीएनएम शालिनी पांडेय ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में महिलाओं में कमर दर्द और मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं के मामले भी सामने आ रहे हैं। गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी देने के साथ ही जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। फार्मासिस्ट विक्रमादित्य नागवंशी ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर लगभग सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी की सलाह के अनुसार मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की जाती हैं। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अबु सूफियान खान, एसटीएस बाबूराम चौधरी, फार्मासिस्ट विक्रमादित्य नागवंशी, जीएनएम शालिनी पांडेय, लैब टेक्नीशियन शिवनंदन, जीएनएम आशा यादव, एएनएम ललिता, नमिता, बाबूराम, एएनएम रजनी साव, जीएनएम हरिकेश सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# राधाकुण्ड में डूबने से युवक की मौत, संत प्रेमानंद से लेने आया था दीक्षा



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** संत प्रेमानंद महाराज से दीक्षा लेने बिहार से आए एक युवक की गोवर्धन परिक्रमा के दौरान राधाकुंड में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। गिरिराज परिक्रमा लगाते समय राधाकुंड में स्नान के दौरान पैर फिसलने से युवक गहरे पानी में डूब गया, पुलिस और स्थानीय गोताखोर विष्णु ठाकुर ने तत्परता दिखाते हुए कुंड के गहरे पानी में तलाश शुरू की। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला जा सका, लेकिन तब तक उसकी साँसें थम चुकी थीं। युवक प्रेमानंद महाराज से दीक्षा लेने आया था। जानकारी के अनुसार, बिहार निवासी आयुष यादव पुत्र मनोज यादव उम्र करीब 20 वर्ष अपने दोस्तों के साथ वृंदावन आया था। थाना प्रभारी विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि युवक अपने दोस्तों के साथ गिरिराज परिक्रमा लगाने आया था। राधाकुंड में स्नान के दौरान पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# पानीगांव के तीन दिवसीय बलदेव छठ मेले का हुआ समापन

## कंठमाला विश्वबेल के लगभग बारह हजार लोगों का थाली की थाप पर हुआ निशुल्क उपचार



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** थाना जमुना पार क्षेत्र के पानीगांव में सत्रह सितंबर से शुरू हुए ढाई सौ वर्ष पुराने मेले का रविवार को समापन हो गया। इस दौरान गंगा मंदिर मेला अखाड़े के विष्णु चौधरी द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया की बलदेव छठ मेला के दौरान थाली की थाप पर रामायण की चौपाई गाकर करीब दो हजार कंठ माला और विश्व बेल के रोगियों का निशुल्क उपचार किया गया जबकि छह सौ सर्पदंश के पीड़ित मरीजों के अमर बंद खोले गए। वहीं हनुमान बगीची बायगीर अखाड़े के महंत गिरवर दास ने बताया कि तीन दिवसीय मेला में निःस्वार्थ भाव से बायगीरों ने कंठमाला विश्वबेल के लगभग दस हजार लोगों का निशुल्क उपचार किया। जबकि सर्पदंश के सौ अमरबंद खोले गए।

इस दौरान पानीगांव में तीन दिनों तक अलग-अलग स्थानों पर चले बायगीर मेला के दौरान लगभग बारह हजार से अधिक कंठमाला विषवेल के लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया। वहीं अधिक जानकारी देते हुए बताया गया कि मेले में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही और बलदेव छठ का तीन दिवसीय वायगीर मेला शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। तीन दिनों तक चले मेले में किसी भी अप्रिय घटना की पुष्टि नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि मेला पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि पानीगांव के इस बल्देवछठ वायगीर मेला में पुलिस प्रशासन ने लगातार मेहनत की और सुरक्षा व्यवस्था भी अच्छी-खासी रही।

# सपा की बूथ स्तर की समीक्षा बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर

## बूथ स्तर की बैठक के सहारे विधानसभा के प्रत्याशी की दावेदारी ठोक गए नेतागण

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी विधानसभा खलीलाबाद क्षेत्र की ओर से आयोजित विजय संकल्प के तहत बूथ, सेक्टर एवं जोन प्रभारियों की समीक्षा बैठक नगर के ईडेन मैरिज हॉल में रविवार को संपन्न हुई। बैठक का आयोजन आलोक यादव सोनू के नेतृत्व में किया गया, जबकि अध्यक्षता गुलाम हुसैन ने की। संचालन का दायित्व विधानसभा अध्यक्ष रमेश यादव ने निभाया। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन की स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्यकताओं के आपसी समन्वय के साथ संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। बूथ, सेक्टर एवं जोन प्रभारियों से उनके क्षेत्र में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली गई तथा बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष रामबृक्ष यादव ने कहा कि यदि कबीर की वाणी को आत्मसात किया जाता तो आज सामंतवादी और नफरतवादी सरकार अस्तित्व में नहीं आती। आज रोजगार की तलाश में हमारा युवा दर-दर की ठोकरें खा रहा है। स्कूल बंद किए जा रहे हैं और मधुशालाएं खोली जा रही हैं। डॉ. एम. अब्बासी ने कहा कि भाजपा सरकार नफरत की राजनीति कर रही है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे रोहित पांडेय ने कहा कि यह सरकार झूठ पर चल रही है। इसकी दमनकारी नीतियों से सभी लोग आहत हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि बूथ सम्मेलन के माध्यम से संगठन को मजबूती प्रदान करें। आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी महती भूमिका निभाते हुए अपने-अपने बूथों को जिताने का कार्य करें। आयोजक आलोक यादव सोनू ने सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने का कार्य करें। कोई भी समाजवादी प्रत्याशी हो, उसे जिताने का कार्य करेंगे तो यही उनके पिता पूर्व सांसद स्वर्गीय सुरेंद्र यादव को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। तभी हम उनके सपनों को साकार करने में सक्षम होंगे। पूर्व प्रत्याशी सुबोध यादव ने कहा कि उनके पिता सांसद स्वर्गीय भालचंद यादव ने सभी समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की थी। उन्होंने हमेशा संघर्ष करने का कार्य किया। वे भी जनसमस्याओं के निदान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। पूर्व प्रत्याशी जावेद अहमद ने इस शानदार आयोजन के लिए आलोक कुमार सोनू और राहुल यादव बादल को मुबारकबाद देते हुए कहा कि मान लो तो हार है, ठान लो तो जीत है। आगामी विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनेगी। बूथ कमेटियां ऐसी दीवार हैं, जो अंत तक विपक्ष से लड़ती रहती हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष गौहर अली खान ने बूथ एवं सेक्टर पदाधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र की मतदाता सूची देख लें। कहीं कोई नाम छूट गया हो तो उसे तत्काल जुड़वाने का कार्य करें। अपने-अपने बूथों को जिताने के लिए पूरी मेहनत से जुट जाएं। युवा सपा नेता राहुल यादव बादल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। ऐसे में सभी बूथ, सेक्टर एवं जोन प्रभारी पूरे मनोयोग से अपने बूथ को जिताने का कार्य करें। बैठक में संजय यादव, रामबृक्ष यादव, गौहर अली, जावेद अहमद, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव, सुबोध यादव, अंकिता बॉबी, राहुल बादल यादव, शैलेन्द्र यादव, सेराज खान, रमेश यादव, गुंजना यादव, अखिलेश चौधरी, अखलाक प्रधान, रामदरश यादव, एडवोकेट सुधीर श्रीवास्तव, अनिल यादव, लालचंद यादव, फैजी खान, बबलू खान, आंशिका पांडेय, सेवानिवृत्त शिक्षक रामशंकर यादव, तनवीर अहमद, खलील खान, रामभरोसे वारसी उर्फ फक्कड़ बाबा, मुजीबुर्रहमान, मुसीर अहमद, राधेश्याम यादव आदि मौजूद रहे।

# डॉ. मारूफ अली को प्रदेश सलाहकार परिषद का सदस्य बनाए जाने पर खुशी की लहर

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के प्रदेश महासचिव डॉ. मारूफ अली को प्रदेश सलाहकार परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की जानकारी मिलते ही कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकताओं ने इसे संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका और लंबे समय से किए जा रहे कार्यों का सम्मान बताया। डॉ. मारूफ अली के मनोनयन पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद नजीर, सैयद तारिक हुसैन, दिलशाद अफसर, मुहम्मद परवेज अख्तर, अहमद जमाल अंसारी, मोईन अंसारी, मुहम्मद अफजल, हाफिज शुजाउल्लाह नदवी, अख्तर हुसैन, निसार अहमद समेत अन्य कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि डॉ. मारूफ अली नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएंगे। कार्यकताओं ने कहा कि प्रदेश सलाहकार परिषद में डॉ. मारूफ अली को जिम्मेदारी मिलने से संतकबीरनगर जिले के कांग्रेस कार्यकताओं में भी उत्साह बढ़ा है। इस अवसर पर समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# प्रथम पूज्य गजानन की विदाई शनिवार देर रात गाजे-बाजे के साथ

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** प्रथम पूज्य गजानन की विदाई शनिवार देर रात गाजे-बाजे के साथ की गई। गणेश प्रतिमाएं नगर भ्रमण करते हुए विसर्जन स्थल पर पहुंचीं। इसके बाद आमी नदी के पावन तट पर स्थित अस्थायी जलाशय में खलीलाबाद और मगहर की 24 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। भादों महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इसी दिन गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाता है। सनातन धर्म में किसी भी धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ भगवान गणेश की पूजा से किया जाता है। गणेश पूजा पर्व पर श्रद्धालु बड़े ही आस्था और श्रद्धा के साथ चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करते हैं। इसके बाद भक्तजन एक, तीन, पांच या सात दिनों तक विधि-विधान से गणेश जी की पूजा-अर्चना करने के पश्चात उनकी विदाई करते हैं। इसी क्रम में नगर के विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं और चार दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद पांचवें दिन विसर्जन के लिए गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए मध्य रात्रि में विसर्जन स्थल पर पहुंची। जुलूस के दौरान युवाओं की टोलियां डीजे की धुन पर नाचती-झूमती रहीं और 'गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारे लगाती रहीं। गणपति पूजा की शोभायात्रा काजीपुर चौराहे से निकलकर डीह स्थान होते हुए जामा मस्जिद तिराहे से केलाबाग कन्या जूनियर हाईस्कूल, रानी बाजार, तिवारी टोला के रास्ते आर्य समाज मंदिर, तकिया बाजार, मछली बाजार, नई बाजार सब्जी मंडी होते हुए काजीपुर चौराहे पहुंची। इसके बाद धोबी टोला, सूती मिल चौराहा, शेरपुर होते हुए चौकी तक जाने के बाद शोभायात्रा वापस गांधी आश्रम चौराहे से आमी नदी तट पर बने विसर्जन स्थल पर पहुंची। यहां पहले गणेश प्रतिमाओं की आरती उतारी गई, इसके बाद अस्थायी जलाशय में श्रद्धा और आस्था के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था में सीओ सदर प्रियम राज शेखर, कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश दूबे और चौकी प्रभारी विनोद यादव अपने हमराहियों के साथ मुस्तैद रहे। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की निगरानी में सभी प्रतिमाओं का देर रात सकुशल विसर्जन कराया गया। इस मौके पर सीओ सदर प्रियम राज शेखर, सीओ ट्रैफिक, पूर्व चेयरमैन नुरुज्जमा अंसारी, अवधेश सिंह, भोलू पासवान, अतुल श्रीवास्तव, मेहदी हसन, कृष्ण चंद्र सैनी, संजय दूबे आदि मौजूद रहे। वहीं विसर्जन स्थल पर नगर पंचायत के कर्मचारी अजय वर्मा, राकेश कन्नौजिया, विशाल वर्मा, आलोक कुमार, रूप चंद, प्रदीप पासवान, सुनील गुप्ता, शाहबाज आदि कर्मचारी पूरी रात व्यवस्था संभालने में निष्ठा के साथ जुटे रहे।

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक स्व. चौधरी ज्वाला प्रसाद के निधन पर शिक्षक संघ ने जताया शोक



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/बलदेव।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, बलदेव के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वेंद्र सिंह बिट्टू के बाबा एवं अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक स्व. चौधरी ज्वाला प्रसाद के असामयिक निधन पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जुगसना स्थित उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। मांडलिक मंत्री कुलदीप सारस्वत ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय ज्वाला प्रसाद जी का निधन समाज और शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके पढ़ाए हुए छात्र-छात्राएं आज विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे पदों पर कार्य करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष मुकुलकांत उपाध्याय ने कहा कि स्वर्गीय ज्वाला प्रसाद जी एक सफल शिक्षक, मृदुभाषी, कर्मठ एवं समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी थे। शिक्षकों के बीच भी उनकी विशेष लोकप्रियता थी। इस अवसर पर संयुक्त मंत्री अनुपम शर्मा, अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष योगेश चौधरी सहित अन्य शिक्षक पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

# साइबर ठगों का कथित बैंकिंग नेटवर्क पुलिस ने पकड़ा

## छह मोबाइल, लैपटॉप और फर्जी दस्तावेजों समेत दो गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**पीलीभीत।** थाना जहानाबाद पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन साइ-वज्र के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित साइबर ठगी नेटवर्क से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक जांच में देश के अलग-अलग राज्यों से जुड़े करीब 200 साइबर शिकायतों का पता चला है। आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, छह मोबाइल फोन, 16 फर्जी आधार कार्ड, 10 एटीएम कार्ड, सात चेकबुक और 10 बैंक पासबुक बरामद की गई हैं। संबंधित खातों में उपलब्ध करीब पांच लाख रुपये की धनराशि को भी होल्ड कराया गया है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहल्ला विलई,



कस्बा व थाना जहानाबाद निवासी मोहम्मद मोहसिन पुत्र मोहम्मद अमजद तथा बरेली जनपद के भोजीपुरा थाना क्षेत्र के हरवंशपुर लक्ष्मीनयापुर निवासी राहुल पुत्र मेघनाथ के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि बैंक खातों और दस्तावेजों की जांच के आधार पर दोनों को गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस के मुताबिक गिरोह द्वारा 47 बेट गेमिंग प्लेटफॉर्म और विभिन्न निवेश योजनाओं के माध्यम से लोगों को धन निवेश कर लाभ कमाने का लालच दिया जाता था। इसके बाद ठगी की रकम के लेन-देन के लिए बैंक खातों का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस के अनुसार गरीब और सीधे-सादे लोगों को सरकारी योजना के तहत खाता खुलवाने अथवा 10 हजार रुपये तक आर्थिक लाभ दिलाने का लालच देकर उनके आधार, पैन और सिम समेत अन्य दस्तावेज हासिल किए जाते थे। उनके नाम से बैंक खाते खुलवाकर पासबुक, एटीएम और चेकबुक अपने कब्जे में ले ली जाती थीं और इन खातों को कथित रूप से म्यूल अकाउंट के तौर पर इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस के मुताबिक राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर सामने आई शिकायतों के प्रारंभिक विश्लेषण में कई बैंक खातों से करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेन-देन का पता चला है। हारून से जुड़े खाते के संबंध में 85 शिकायतों में करीब 42.54 करोड़ रुपये, मोहसिन से जुड़े खाते में 15 शिकायतों में करीब 32 करोड़ रुपये और राहुल से जुड़े खाते में 34 शिकायतों में करीब 28 करोड़ रुपये के लेन-देन का विवरण सामने आया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इन रकमों के वास्तविक स्वरूप, धन के प्रवाह और शिकायतों के आपसी संबंध का विस्तृत वित्तीय एवं तकनीकी विश्लेषण अभी जारी है। मामले की जांच में अन्य स्थानीय लोगों के नाम से भी इसी तरह खाते खुलवाकर बैंकिंग दस्तावेज लेने की जानकारी सामने आई है। पुलिस के अनुसार ऐसे खातों में 50 लाख रुपये से अधिक के संदिग्ध साइबर फ्रॉड संबंधी जमा-निकासी लेन-देन भी सामने आए हैं।इस संबंध में 30 जुलाई 2026 को दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 285/2026, धारा 318(4) बीएनएस में दर्ज किया गया था। जांच के दौरान विशाल मौर्य और फरमान पुत्र अफसर खां की भूमिका भी सामने आने की बात पुलिस ने कही है।दोनों फिलहाल फरार बताए गए हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। बरामद मोबाइल फोन और लैपटॉप के डिजिटल डाटा की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। साथ ही अन्य बैंक खातों, म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वालों और नेटवर्क से जुड़े लोगों की भूमिका की भी पड़ताल जारी है।

# न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे आरोपी, पुलिस ने तीन वारंटियों को घर दबोचा



कांधला (वेलकम इंडिया)।पुलिस ने अलग-अलग मामलों में न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, तीनों के खिलाफ पूर्व में थाने पर मुकदमे दर्ज थे। न्यायालय में सुनवाई के दौरान पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ वारंट जारी किए गए थे।रविवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में गाव मखमूलपुर निवासी कृष्णपाल पुत्र अतर सिंह शामिल है।वह वाद संख्या 11764/2025, धारा 316(2) बीएनएस के मामले में वांछित था। दूसरा आरोपी ग्राम खेड़ा कुर्तान निवासी सेठपाल पुत्र कदम सिंह है, जो मुकदमा अपराध संख्या 271/1997 से संबंधित धारा 147, 323 और 325 भादवि के मामले में वारंटी था।तीसरे आरोपी की पहचान गाव गुज्जरपुर निवासी साजिद पुत्र सराजू के रूप में हुई है। वह मुकदमा अपराध संख्या 314/18 में धारा 323 और 506 भादवि के मामले में न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# नशे से दूर रहकर युवा बनें विकसित भारत की ताकत

## पुष्प कॉलेज में 200 युवाओं ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**पीलीभीत।** मेरा युवा भारत, पीलीभीत की ओर से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत पुष्प कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 200 युवाओं एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुष्प कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. अलका तोमर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और पूरे समाज पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से नशे से पूरी तरह दूर रहने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि युवा स्वयं नशामुक्त जीवन अपनाने के साथ अपने




साथियों और आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें।जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, पीलीभीत शिवम शर्मा ने युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। नशे से मुक्त और जागरूक युवा ही स्वस्थ, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने अपने रचनात्मक स्लोगनों के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्ति की शपथ ली। उन्होंने स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ, जिम्मेदार और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है।

# 'मेरे सपनों का भारत' चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा





**वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी**

**भनवापुर/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड भनवापुर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कोहड़ौरा, बड़हरा विशुनपुर, संग्रामपुर व पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिस्कोहर में शनिवार को 'मेरे सपनों का भारत' चित्र सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने वर्ष 2047 के विकसित भारत, श्रीराम मंदिर व स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जैसे विषयों पर चित्र बनाए। इस दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिस्कोहर में 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में स्वाति प्रजापति प्रथम, कन्हैया प्रजापति द्वितीय और सिद्रा सदफ तृतीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प के तहत 2047 के विकसित भारत के विषय पर बच्चों ने उत्कृष्ट चित्र बनाए हैं। देश के विकास में बच्चों का विशेष योगदान होगा। इस दौरान प्रधानाध्यापक उमाकांत गुप्ता , कार्यक्रम प्रभारी अंजली गुप्ता और एसएमसी अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कंपोजिट विद्यालय कोहड़ौरा में भी 30 छात्र-छात्राओं ने कला का प्रदर्शन किया। यहाँ कक्षा आठ की सलोनी गुप्ता ने श्रीराम मंदिर का चित्र बनाकर प्रथम, अंजली चौधरी ने द्वितीय और आंचल चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि अधिशासी अधिकारी अखिलेश दीक्षित ने कहा कि कला बच्चों के भीतर छिपी राष्ट्रीयता की भावना और उनके सपनों की अभिव्यक्ति है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी हैं। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक गोपेश दूबे, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बलराम मिश्रा, रघुनंदन कुमार , यशोदानंद मिश्रा, अंजली, ममता, पिंगल, राम प्रसाद , अमित पांडेय मौजूद रहें।कंपोजिट विद्यालय बड़हरा विशुनपुर में 74 प्रतिभागी बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कक्षा आठ की सोनी प्रथम, कक्षा छह की प्रार्थना वरुण द्वितीय और कक्षा छह की अनुराधा तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक बब्बन प्रसाद यादव, उत्तम, राम प्रताप, सलीम और जय प्रकाश मौजूद रहे। कंपोजिट विद्यालय संग्रामपुर के 40 बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसमें कक्षा छह से आठ के वर्ग में सर्वजीत मौर्या, एजाज अहमद और ज्योति भारती ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। अंकित गौतम, राज शर्मा व सुदर्शन मौर्या द्वितीय तथा सत्यम मौर्या, विक्रम विश्वकर्मा व संजना तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाध्यापक अमित मलिक की देखरेख में हुए कार्यक्रम में प्रभारी ज्ञानेन्द्र कुमार गौड़ ने बच्चों को मंजिल हासिल करने की सीख दी। इस मौके पर शिक्षक राम कुमार चौधरी, विद्या सागर वर्मा और सरोज मिश्रा मौजूद रहे।

# जेवर वापस लेने पहुंची तीन महिलाओं से मारपीट, घायल



**कांधला (वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव डूंडूखेड़ा में बहनोई के घर उधार दिए गए जेवर वापस लेने पहुंची तीन महिलाओं के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।मारपीट में तीनों महिलाएं घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के बाद पीड़ित महिलाओं ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।रविवार को कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव गंदराऊ निवासी महफीरन, साहिबा और रिहाना अपने अन्य रिश्तेदारों के साथ डूंडूखेड़ा गांव निवासी अपने बहनोई के घर पहुंची थीं। महिलाओं के अनुसार, करीब एक माह पहले दिए गए उधार के जेवर वापस लेने के लिए वे वहां गई थीं। आरोप है कि बातचीत के दौरान बहनोई समेत कई लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में तीनों महिलाएं घायल हो गईं।घटना की सूचना डायल-112 पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भर्ती कराया । पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर ने जीती राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**पूरनपुर/पीलीभीत।** भारत विकास परिषद शाखा टाइगर रोहिलखंड प्रांत पूर्वी एनसीआर-1 के तत्वावधान में रविवार को बैनर पब्लिक स्कूल के रीना सभागार में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिंदी और संस्कृत में समूह गान प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. एसके अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ. परविंदर सिंह सैहमी, अध्यक्ष रामावतार गुप्ता तथा पर्यवेक्षक डॉ. विनय कुमार गुप्ता रहे। निर्णायक मंडल में चारु अग्रवाल, शशि मैनी और दीप्ति मिश्रा शामिल रहीं। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का बारीकी से मूल्यांकन करने के बाद परिणाम घोषित किया। हिंदी एवं संस्कृत में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज ने



प्रथम, लायंस बाल विद्या मंदिर ने द्वितीय तथा संतराम शिशु मंदिर, अशोक कॉलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकगीत प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय बरहा प्रथम तथा वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज द्वितीय स्थान पर रहा।प्रतियोगिता में इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, बाल विकास जूनियर हाईस्कूल, कंपोजिट विद्यालय नकाशा, कंपोजिट विद्यालय अशरफ खान, स्टेप अप इंटर कॉलेज और सिटी मोंटेसरी स्कूल समेत 17 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया।पार्टी महासचिव डॉ. अनिल सक्सेना ने समूह गान प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. विजय कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. एसके अग्रवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें परिणाम की चिंता करने के बजाय अपनी प्रस्तुति पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि प्रतिभाग करना स्वयं में महत्वपूर्ण है। डॉ. परविंदर सैहमी ने डॉ. शकुन अग्रवाल को याद करते हुए कहा कि उनकी स्मृतियां आज भी सभी के बीच जीवित हैं।अध्यक्ष रामावतार गुप्ता ने प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कार्यक्रम की गुणवत्ता को उच्च स्तर का बताया। महिला सहभागिता टोली ने अतिथियों एवं सदस्यों का तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया। संरक्षक ज्ञानेंद्र अग्रवाल, सचिव मनोज मित्तल, वित्तीय सचिव संजय जिंदल, संयोजक हरीश दुलवानी, अशोक कुमार और आरपी गंगवार ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। संचालन अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा ने किया।

# प्रेम विवाह के बाद विवाहिता ने लगाया हत्या की साजिश का आरोप



**कांधला (वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र की देहात कॉलोनी इदरीश बैग निवासी एक विवाहिता ने बस्ती के कई लोगों पर अपने और पति की हत्या की साजिश रचने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। विवाहिता ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। थाना क्षेत्र की इदरीश बैग बिहार कॉलोनी निवासी विवाहिता बुशरा ने करीब दो माह पहले उसने कस्बा निवासी हसीन के साथ प्रेम विवाह किया था। उसके मुताबिक, परिवार और ससुराल पक्ष के लोग विवाह से खुश हैं, लेकिन बस्ती के कुछ लोग इस रिश्ते से नाराज हैं। आरोप है कि बस्ती के कई लोग उसके और पति के खिलाफ साजिश रच रहे हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।विवाहिता ने पुलिस से मामले की जांच कर कार्रवाई और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से निकली गणेश प्रतिमा की विसर्जन यात्रा

## जयकारों और भक्ति गीतों से भक्तिमय हुआ वातावरण

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**पूरनपुर/पीलीभीत।** महाराष्ट्र मित्र मंडल एवं सरार्फा बंधुओं की ओर से आयोजित 19वें श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के समापन अवसर पर रविवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ निकाली गई। दोपहर करीब एक बजे अमोल बैंकट हॉल, तिरंगा चौराहा से शुरू हुई विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे रास्ते 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

गणेश प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाकर यात्रा के साथ धनाराघाट की ओर ले जाया गया। श्रद्धालु भक्ति गीतों और गणपति के जयकारों के बीच आगे बढ़ते रहे। यात्रा में शामिल लोगों में भगवान गणेश के प्रति गहरी आस्था और उत्साह दिखाई दिया। रास्ते में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। आयोजकों के



अनुसार, महाराष्ट्र मित्र मंडल एवं सरार्फा बंधुओं की ओर से प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी गणेश चतुर्थी महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। महोत्सव के दौरान धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रविवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ महोत्सव का विधिवत समापन किया गया। विसर्जन यात्रा को लेकर आयोजकों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा। यात्रा के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए आयोजक मंडल के कार्यकर्ता सक्रिय रहे और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका ध्यान रखा गया। यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने भागीदारी की।आयोजकों ने कहा कि गणेश महोत्सव आपसी सौहार्द, भक्ति और सामाजिक एकता का संदेश देता है। इसी भावना के साथ श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को विदाई दी और सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर संजय गुप्ता, आशीष रस्तोगी, पुनीत पांडे, विकास गुप्ता, अमोल मराठा, संतोष मराठा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# कांच के टुकड़े शरीर में धंसने से युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग पर रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक घर में रखा सामान अचानक गिरने से मकान मालिक उसके नीचे दब गया। हादसे में कांच के टुकड़े शरीर में धंस जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में घायल को उपचार के लिए कांधला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना क्षेत्र की बिजली घर मार्ग निवासी मेहरबान अपने घर में मौजूद था। इसी दौरान अलमारी पर रखा एक शीशा अचानक उसके ऊपर गिर गया। शीशा टूटने से उसके कांच के टुकड़े शरीर में धंस गए। हादसे में मेहरबान गंभीर रूप से घायल हो गया और काफी खून बहने लगा। परिजनों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया।सरकारी अस्पताल में चिकित्सक मयंक कुमार ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। उन्होंने बताया कि शरीर में कांच के टुकड़े धंसने के कारण घायल की हालत गंभीर थी।

# किसान पंचायत में गूंजा समस्याओं का मुद्दा, बजली बिल से आवारा पशुओं तक, ग्रामीणों ने उठाईं कई मांगें

## 21 सितंबर को डीएम को ज्ञापन देने के लिए अधिक से अधिक किसानों से पहुंचने की अपील

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन भानू की ओर से रविवार को ग्राम पंचायत भगवानपुर बझेरा, विकासखंड ललौरीखेड़ा में किसान पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याएं उठाईं, जिन पर संगठन के पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श किया। इस दौरान दर्जनों किसानों ने भारतीय किसान यूनियन भानू की सदस्यता भी ग्रहण की।किसानों ने पंचायत में बिजली के अधिक बिल आने, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन, नाली-खरंजा, आवारा पशुओं और बंदरों की समस्या से संबंधित मुद्दे उठाए। इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास योजना में कथित अनियमितताओं, किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलने तथा राष्ट्रीय



पारिवारिक लाभ योजना का लाभ पात्र विधवाओं को नहीं मिल पाने की शिकायतें भी रखी गईं। पंचायत में विकासखंड ललौरीखेड़ा में ग्राम पंचायत अधिकारियों और एडीओ पंचायत की कथित मिलीभगत से गरीब एवं पात्र लोगों को सरकार की लाभकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाने का आरोप भी लगाया गया। संगठन पदाधिकारियों ने संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने कहा कि किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर संगठन लगातार आवाज उठाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आह्वान के तहत सोमवार, 21 सितंबर को जिलाधिकारी पीलीभीत को ज्ञापन दिया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों और कार्यकताओं से जिला मुख्यालय पहुंचने की अपील की।पंचायत में तहसील अध्यक्ष पीलीभीत नंदकिशोर राठौड़, जिला सचिव बालमुकुंद प्रजापति, विनोद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, ओमकार, हरप्रसाद, सोहनलाल, महेश कुमार, जगन्नाथ, वीरेंद्र गिरी, बेणीराम मौर्य, राम बहादुर पाल, प्रवेश कुमार पाल, कुंज बिहारी गंगवार, निसार शाह, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक जीशान इकबाल, मदनलाल शर्मा, ख्यालीराम, राजेंद्र प्रसाद, शिवकुमार, प्यारेलाल, बाबूराम, योगराज, धर्मपाल, ओमप्रकाश, आनंद कुमार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। महिलाओं समेत सैकड़ों कार्यकताओं की पंचायत में सहभागिता रही।

# 2027 में सपा सरकार बनने पर लखीमपुर खीरी की को देंगे प्राथमिकता: अखिलेश

## दुधवा में मानव-वन्यजीव संघर्ष, पलिया हवाई पट्टी, सर्किल रेट, सुहेली नदी और बाढ़ का मुद्दा उठा; रेहान खान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने रखीं क्षेत्र की मांगें

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**

**लखीमपुर खीरी।** राजधानी लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में रविवार को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा के साथ विभिन्न जिलों की स्थानीय समस्याओं को भी पार्टी नेतृत्व के सामने रखा गया। बैठक में लखीमपुर खीरी जिले की पलिया विधानसभा से सपा प्रदेश सचिव रेहान खान ने क्षेत्र की कई प्रमुख समस्याओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष उठाया। बैठक में रखी गई मांगों में दुधवा क्षेत्र में बढ़ता मानव-वन्यजीव संघर्ष, किसानों की फसलों को होने वाला नुकसान, पलिया हवाई पट्टी, सर्किल रेट, सुहेली नदी और हर साल आने वाली बाढ़ प्रमुख रहीं।

दुधवा क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष का मुद्दा

रेहान खान ने दुधवा टाइगर रिजर्व से सटे ग्रामीण इलाकों में वन्यजीवों के आबादी क्षेत्र में आने की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जंगल से निकलने वाले हिंसक वन्यजीवों के कारण ग्रामीणों में भय का माहौल रहता है और कई स्थानों पर लोगों तथा पशुओं पर हमले की घटनाएं सामने आती रही हैं। हाल के महीनों में लखीमपुर खीरी में वन्यजीवों के हमले से जुड़ी कई घटनाएं भी सामने आई हैं। जून 2026 में दुधवा बफर जोन के धौरहरा क्षेत्र में तेंदुए के हमले में एक बच्चे की मौत की खबर सामने आई थी। सितंबर में भी जिले के अलग-अलग इलाकों में वन्यजीवों की मौजूदगी और हमलों की घटनाएं



रिपोर्ट हुई हैं। रेहान खान ने मांग रखी कि जंगल की सीमाओं से लगे आबादी वाले क्षेत्रों में मजबूत तार फेंसिंग कराई जाए। साथ ही जंगल के भीतर घास के नए मैदान विकसित किए जाएं, ताकि शाकाहारी वन्यजीवों को पर्याप्त भोजन जंगल के अंदर ही मिल सके और भोजन की तलाश में उनके आबादी की ओर आने की संभावना कम हो। हाथियों से फसल बचाने की भी मांग बैठक में टस्कर हाथियों के खेतों में पहुंचने और फसलों को नुकसान पहुंचाने का मुद्दा भी उठाया गया। रेहान खान के मुताबिक, किसानों की मेहनत से तैयार फसलें हाथियों के झुंड द्वारा नष्ट किए जाने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने वन क्षेत्र और आबादी के बीच प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था विकसित करने की मांग की। सुहेली नदी की सफाई और पुनर्जीवन का मुद्दा रेहान खान ने सुहेली नदी की सिल्ट सफाई का विषय भी बैठक में रखा। उनका कहना था कि नदी की सफाई और जलप्रवाह को बेहतर करने की दिशा में काम होने से पलिया क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों को लाभ मिल सकता है। उन्होंने नदी को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने की मांग की। पलिया विधानसभा क्षेत्र की हवाई पट्टी को लेकर भी रेहान खान ने पार्टी नेतृत्व के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हवाई पट्टी के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया हो चुकी है, लेकिन अभी तक यहां से नियमित हवाई आवागमन शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने जल्द से जल्द हवाई सेवा शुरू कराने की मांग की। सर्किल रेट को लेकर किसानों की चिंता रेहान खान ने पलिया क्षेत्र के मुजहा गांव में हवाई पट्टी से जुड़ी भूमि और सर्किल रेट का मुद्दा भी उठाया। उनके मुताबिक, जिले में नए सर्किल रेट लागू होने के बाद जमीन की कीमतों में वृद्धि हुई है, लेकिन मुजहा क्षेत्र में अपेक्षित संशोधन नहीं होने से भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा मिलने का सवाल खड़ा हुआ है। लखीमपुर खीरी में सितंबर 2026 में नए सर्किल रेट लागू किए गए हैं। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दरों में करीब 10 प्रतिशत और अन्य क्षेत्रों में करीब 12 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। रेहान खान ने मांग की कि मुजहा क्षेत्र के सर्किल रेट की समीक्षा कर किसानों को नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने की व्यवस्था की जाए। बैठक में लखीमपुर खीरी में बाढ़ और नदी कटान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। रेहान खान ने कहा कि शारदा समेत क्षेत्र की अन्य नदियों में जलस्तर बढ़ने के दौरान हर वर्ष बड़ी संख्या में किसान प्रभावित होते हैं। नदी कटान के कारण कृषि भूमि का नुकसान होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट पैदा होता है।

### अखिलेश यादव ने दिया समाधान का आश्वासन: रेहान खान

बैठक में रेहान खान द्वारा उठाए गए मुद्दों पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने, रेहान खान के अनुसार, कहा कि यदि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो लखीमपुर खीरी की इन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और उनके समाधान के लिए प्रयास किया जाएगा। अखिलेश यादव ने पलिया क्षेत्र के युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर विकसित करने की बात भी कही। गन्ना किसानों के भुगतान पर भी चर्चा बैठक में गन्ना किसानों के भुगतान का मुद्दा भी उठाया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार बनने की स्थिति में चीनी मिलों के माध्यम से किसानों के गन्ने का भुगतान 24 से 48 घंटे के भीतर सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। चुनावी तैयारियों के बीच स्थानीय मुद्दों पर जोर सपा की यह बैठक 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच हुई है। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, बैठक में संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

# चित्रांशी महिला संगठन ने हर्षोल्लास के साथ मनाया तीज उत्सव

## मराठी परिधानों में सजीं महिलाओं ने कजरी, नृत्य, भजन, नाटक और मनोरंजक खेलों से बांधा समां

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**





**वाराणसी।** चित्रांशी महिला संगठन की ओर से रविवार, 20 सितंबर को कैंटोनमेंट स्थित होटल कोस्टा रिवर में तीज उत्सव का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया। पारंपरिक संस्कृति, लोकगीतों, संगीत, नृत्य और मनोरंजन से सजे इस कार्यक्रम में चित्रांश समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान मराठी परिधानों में सजी महिलाओं ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी। पूरे आयोजन के दौरान महिलाओं में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा तथा सभी ने तीज महोत्सव का जमकर आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति वंदना के साथ हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि केंद्रीय कारागार वाराणसी की डिप्टी जेलर अमिता श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक कजरी, भजन, नृत्य और नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ आयोजित विभिन्न मनोरंजक खेलों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए उपस्थित लोगों को खूब आनंदित किया। तीज उत्सव के दौरान मराठी परिधानों में सजी महिलाओं का आकर्षण विशेष रूप से देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं और तीज पर्व की परंपराओं को उत्साह के साथ मनाया। कजरी और भजनों की प्रस्तुतियों ने जहां सावन और तीज की लोक संस्कृति की याद दिलाई, वहीं नृत्य और नाटक ने कार्यक्रम को मनोरंजन से भर दिया। मनोरंजक खेलों में भी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे आयोजन के दौरान हंसी-खुशी का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्रांशी महिला संगठन की अध्यक्ष रंजना श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर सृजन शाखा की अध्यक्ष शशि श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। संगठन की पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का आकर्षक एवं सफल संचालन अर्चना गौड़ ने किया।आयोजन में तीज पर्व की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के साथ महिलाओं के बीच आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना भी देखने को मिली। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं और पारंपरिक संस्कृति को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। संगठन की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उपस्थित सभी सदस्यों के लिए उपहार की व्यवस्था की गई। उपहार वितरण के साथ महिलाओं में उत्साह और बढ़ गया तथा कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के वातावरण में हुआ। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष रंजना श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष वर्षा प्रधान, सचिव वंदना श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रीती श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी रंजना श्रीवास्तव सहित संगठन की अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहीं।

# उल्लास परीक्षा में 81 नवसाक्षरों ने परखी अपनी सीखने की क्षमता



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**टांडा।** उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को निरक्षरों और पढ़ाई बीच में छोड़ चुके वयस्कों की सीखने की क्षमता परखने के लिए साक्षरता परीक्षा आयोजित की गई। ब्लॉक भगतपुर-टांडा के 13 परिषदीय विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। 149 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 30 पुरुष और 51 महिलाओं समेत कुल 81 नवसाक्षरों ने परीक्षा दी। उक्त परीक्षा प्राथमिक विद्यालय बिलाकुदान, कुकरझुंडी, सत्तीखेड़ा, दांडी दुर्जन, हजीरे वाली मिलक, सेलाथान, लालूवाला और उच्च प्राथमिक विद्यालय लालूवाला, मल्हूपुरा हरदोडांडी, रानी नागल, रायपुर समदा, सेलाथान तथा मिलक लालूवाला में कराई गई। विद्यालय स्टाफ की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। न्यायपंचायत महेशपुर खेम की परीक्षा कंपोजिट स्कूल मल्हूपुरा हरदोडांडी में हुई। प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्र पर 16 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें तीन पुरुष और सात महिलाएं समेत कुल 10 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। भवानीपुर न्यायपंचायत प्रभारी एवं पूर्व एआरपी सुभाषचंद्र, महेशपुर खेम न्यायपंचायत प्रभारी एवं पूर्व एआरपी सुरेंद्रपाल सिंह और रानीनांगल न्यायपंचायत प्रभारी एवं वरिष्ठ शिक्षक संकुल मोहम्मद आकिल चौधरी ने बताया कि उल्लास कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति को साक्षर और सक्षम बनाना है। इसके माध्यम से उन वयस्कों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जो किसी कारण से औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए थे। क्वालिटी कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार भटनागर के अनुसार ब्लॉक के 13 परीक्षा केंद्रों पर कुल 149 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 81 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# यूजीसी नियमों में सुधार और सवर्ण आयोग के गठन की मांग को लेकर राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**




**जौनपुर।** यूजीसी के आरक्षण एवं नियमों में आवश्यक सुधार तथा सवर्ण आयोग के शीघ्र गठन की मांग को लेकर राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (आरएएम) एवं सवर्ण समाज महापंचायत के संयुक्त तत्वावधान में मड़ियाहूं तहसील परिसर में प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकताओं तथा सवर्ण समाज महापंचायत के सदस्यों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के उत्तर प्रदेश प्रदेश सचिव पं. विकास उपाध्याय ने किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने यूजीसी के आरक्षण एवं नियमों में आवश्यक सुधार करने तथा सवर्ण आयोग का शीघ्र गठन किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। इस संबंध में संगठन की ओर से शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांगों पर आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जौनपुर जिलाध्यक्ष अशोक तिवारी, राष्ट्रीय अधिकार युवा मोर्चा के जौनपुर जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश दीक्षित, राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी तथा किसान मोर्चा के जौनपुर जिलाध्यक्ष संजय उपाध्याय सहित संगठन के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जौनपुर जिले के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ युवा मोर्चा एवं किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों तथा सवर्ण समाज महापंचायत के सदस्यों ने भाग लिया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने संगठन की एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। कार्यक्रम के अंत में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने अपनी मांगों को लेकर आगे भी संगठित रूप से आवाज उठाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# प्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी ने किया हरे कृष्ण ज्वेलर्स के नौवें शोरूम का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** चांदमारी स्थित स्टेट बैंक के सामने हरे कृष्ण ज्वेलर्स के नौवें शोरूम का भव्य शुभारंभ प्रसिद्ध आध्यात्मिक कथावाचिका जया किशोरी की गरिमामयी उपस्थिति में उनके कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के संचालक संतोष अग्रवाल सहित परिवार के सदस्य, गणमान्य नागरिक, ग्राहक एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। शोरूम के शुभारंभ के अवसर पर हरे कृष्ण ज्वेलर्स के अधिष्ठाता संतोष अग्रवाल ने बताया कि ग्राहकों को बेहतर एवं सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चांदमारी में नई शाखा की शुरूआत की गई है। यह हरे कृष्ण ज्वेलर्स का नौवां शोरूम है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों के विश्वास और स्नेह को ध्यान में रखते हुए प्रतिष्ठान की ओर से विशेष सुविधाएं एवं आकर्षक ऑफर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। संतोष अग्रवाल ने बताया कि ग्राहकों को पुराने सोने के आभूषणों पर 100 प्रतिशत वापसी का विशेष ऑफर दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रतिष्ठान में 22 कैरेट एवं 18 कैरेट सोने के आभूषणों का विशाल संग्रह, आईजीआई प्रमाणित हीरे के आभूषण, चांदी के बर्तन, 925 ज्वेलरी तथा रत्नों की आधुनिक रेंज उपलब्ध है। हरे कृष्ण ज्वेलर्स की ओर से 100 प्रतिशत हॉलमार्क ज्वेलरी, पारदर्शी बिलिंग, पुराने सोने पर शून्य प्रतिशत कटौती और रेट बुकिंग जैसी सुविधाएं सभी शाखाओं में उपलब्ध कराने की बात कही गई। हरे कृष्ण ज्वेलर्स की ओर से हाल ही में मोबाइल एप्लीकेशन भी लॉन्च किया गया है। इसके माध्यम से ग्राहक सोने और चांदी के लाइव रेट की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह एप्लीकेशन एंड्रॉयड और एप्पल, दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। प्रतिष्ठान की ओर से बताया गया कि लगभग 28 वर्षों से वाराणसी एवं आसपास के क्षेत्रों में ग्राहकों का विश्वास अर्जित करने वाला हरे कृष्ण ज्वेलर्स अब अपने नौवें शोरूम के साथ कारोबार का विस्तार कर रहा है। ग्राहकों को बेहतर डिजाइन, उच्च गुणवत्ता और उचित मूल्य पर आभूषण उपलब्ध कराना प्रतिष्ठान का प्रमुख उद्देश्य है। हरे कृष्ण ज्वेलर्स के चेतन अग्रवाल ने बताया कि आगामी त्योहारों एवं वैवाहिक अवसरों को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों के लिए आकर्षक एवं आधुनिक आभूषणों का विशेष संग्रह तैयार किया गया है। इसमें हीरे की अंगूठियां, कपल एंगेजमेंट बैंड, नोजपिन, हल्के वजन वाले नेकलेस सेट और डायमंड चूड़ी सेट सहित विभिन्न डिजाइन उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि हरे कृष्ण ज्वेलर्स की ओर से डायमंड ज्वेलरी के साथ आईजीआई प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे ग्राहकों को आभूषण की प्रमाणिकता और गुणवत्ता से संबंधित जानकारी मिल सके।

कार्यक्रम के समापन पर रौनक ने सभी ग्राहकों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने शोरूम के शुभारंभ में सहयोग एवं सहभागिता के लिए सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर चेतन अग्रवाल, रुपिका अग्रवाल, कोमल अग्रवाल सहित परिवार के अन्य सदस्य एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर में गूंजा 'गणपति बप्पा मोरया', भक्ति के रंग में रंगा कस्बा

## भव्य शोभायात्रा के बाद ब्रजघाट पहुंची गणेश प्रतिमा, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ विसर्जन

**जाकिर तुर्क/वेलकम इंडिया**





**मेरठ।** शाहजहांपुर कस्बे में रविवार को गणेशोत्सव का समापन श्रद्धा और उल्लास के बीच हुआ। शाहजहांपुर-गढ़-मेरठ रोड स्थित प्राचीन चामुंडा मंदिर से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को लेकर भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। ह्यगणपति बप्पा मोरयाह्न के जयकारों से कस्बे का माहौल भक्तिमय बना रहा। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

चामुंडा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुंदर लाल खटीक की देखरेख में निकली शोभायात्रा का शुभारंभ मंदिर के पंडित महेश कृष्ण शास्त्री ने पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान के बाद कराया। यात्रा में भगवान शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण सहित विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां शामिल रहीं। फूलों से सजे रथ और धार्मिक वेशभूषा में कलाकारों की प्रस्तुतियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भजनों और जयकारों पर झूमते नजर आए। बच्चों, महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गणेशोत्सव की खुशियां साझा कीं। चामुंडा मंदिर से शुरू हुई यात्रा बड़ा बाजार, झंडा चौक सहित कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई ब्रजघाट पहुंची। गंगा तट पर पंडित महेश कृष्ण शास्त्री के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा के जयकारे लगाए। विसर्जन यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। पूर्व चेयरपर्सन पति तबारक उल्ला खान और सपा नेता मुमताज आलम ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। वहीं सपा नेता नसीब आलम खान ने भी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए वर्तमान चेयरमैन वसीउर्रहमान की ओर से जलपान और फलों की व्यवस्था की गई। भाजपा नेता तारिक खान की ओर से भी श्रद्धालुओं को जलपान और फल वितरित किए गए। आयोजन के दौरान मंदिर कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# चोरी की बैटरियां बरामद, 3 शातिर आरोपी गिरफ्तार

## मवई पुलिस ने इंटर-डिस्ट्रिक्ट गैंग के सदस्यों को पकड़ा, कार और औजार भी जब्त

**वेलकम इंडिया/फतेह खान**



**शुजागंज/अयोध्या।** मवई थाना पुलिस ने चोरी की आठ बैटरियों के साथ तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक ग्रे कलर की स्विफ्ट डिजायर कार, एक मास्क, पांच छोटी-बड़ी रिंच और एक प्लास भी बरामद किया है। यह गिरफ्तारी 19 सितंबर 2026 को पुराना फैजाबाद-लखनऊ भिटरिया मार्ग पर कुशहरी जंगल के पास से हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज कुमार (32) पुत्र जयप्रकाश गंगवार, हरीश कुमार (30) पुत्र स्वर्गीय रामकिशोर गंगवार और आसिफ (30) पुत्र महमूद के रूप में हुई है। मनोज कुमार बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र के नगरिया सादात गांव का रहने वाला है। हरीश कुमार बरेली के फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के लोधीनगर मोहल्ले का निवासी है। आसिफ बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के करमपुर चौधरी गांव का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, ये आरोपी अंतर-जनपदीय गिरोह के सदस्य हैं। इनके खिलाफ कई जिलों में चोरी और अन्य अपराधों के मामले दर्ज हैं। मनोज कुमार का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है। उस पर बरेली, बिजनौर, पीलीभीत, रामपुर और उन्नाव जिलों में आर्म्स एक्ट, लूट, डकैती और गिरोहबंदी जैसे कई मुकदमे हैं। हरीश कुमार और आसिफ के खिलाफ भी मवई थाने में चोरी के मामले दर्ज हैं। हरीश पर बरेली में धोखाधड़ी का एक मामला भी है। यह कार्रवाई अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी कर रहे थे। टीम में उपनिरीक्षक मो. इदरीश, उपनिरीक्षक प्रभात कुमार द्विवेदी (चौकी प्रभारी मवई चौराहा), कांस्टेबल पंकज यादव, कांस्टेबल रजत कुमार और रिक्रूट कांस्टेबल अभिषेक सिंह शामिल थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू किसान सभा ने गांव सौंदा में की पंचायत

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भारतीय किसान यूनियन किसान सभा की एक पंचायत ग्राम सोंदा तहसील अध्यक्ष मोदीनगर प्रदीप शर्मा के आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज त्यागी राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी के नेतृत्व में पंचायत की गई। जिसमें करीब दो दर्जन से भी ज्यादा गांवों के किसानों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी ने बताया कि पंचायत में किसानों के गन्ने का भाव बढ़ाया जाए, जो सरकार किसानों को कृषि यंत्र ब्लॉक से सब्सिडी पर देने का वायदा करती है वहां बहुत घोटाले बाजी है। जरूरतमंद किसान ऑनलाइन बुकिंग करता है, तो वेबसाइट बंद मिलती है। ब्लॉक में जाकर अधिकारियों से कृषि यंत्र की बात करता है फॉर्म भरने की बात करता है। तो उन्हें ब्लॉक से टरका दिया जाता है। खाद व बीज की किल्लत से किसान परेशान है। क्षेत्र में आवारा पशुओं से किसानों की फसल बर्बाद हो रही है।

उससे किसान बड़े परेशानी में चल रहा है। किसानो की एक बड़ी समस्या है कि किसानों के खेतों में जल भराव होने के कारण फसल डूब जाती है। निकासी का कहीं कोई बंदोबस्त नहीं है। पंचायत में इन समस्याओं को लेकर क्षेत्र वासियो में बड़ा रोष है। जल्द ही इन समस्याओं को लेकर मोदीनगर तहसील में बड़ी पंचायत की जाएगी। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अमरीश त्यागी ने किया पंचायत में प्रदेश अध्यक्ष हाजी कलुआ, प्रदेश महासचिव हैप्पी त्यागी, प्रदेश संगठन मंत्री हरिओम त्यागी, जिला अध्यक्ष पुष्कर त्यागी, बागपत जिला अध्यक्ष के के त्यागी, युवा जिला अध्यक्ष रोहित चौधरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष सचिन त्यागी, कुलदीप त्यागी, अभिषेक वर्मा, सुनील त्यागी, सुबोध त्यागी, मदनलाल फौजी, आशीष गर्ग, कार्यक्रम की अध्यक्षता राधेश्याम शर्मा ने की काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

# एमआईटी की छात्राओं ने गाजियाबाद में बिजनेस प्लान प्रतियोगिता जीती

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मेरठ।** आईटीएस गाजियाबाद, मोहन नगर में एमआईटी के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) विभाग की प्रथम वर्ष की छात्राओं शिखा और श्रेया गुप्ता ने बिजनेस प्लान प्रतियोगिता-2026 में प्रथम स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता का आईटीएस गाजियाबाद, मोहन नगर के एमबीए विभाग की ओर से किया। प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों की टीमों के बीच शिखा और श्रेया ने अपने अभिनव बिजनेस आइडिया को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। दोनों छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुति देते हुए उद्यमिता और नवाचार की क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान हासिल करने पर उन्हें 7,500 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। एमआईटी के प्रिंसिपल डॉ हिमांशु शर्मा ने कहा कि यह सफलता छात्राओं की रचनात्मक सोच, मेहनत और उद्यमशीलता की भावना को दशार्ती है। एमआईटी चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, एचओडी हिमानी मिश्रा ने बधाई दी।

## नशा मुक्त युवा, विकसित भारत अभियान के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, मोदीनगर में 'नशा मुक्त युवा - विकसित भारत 2026' अभियान के अंतर्गत प्राचार्या प्रो पूनम शर्मा के संरक्षण में जन जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन प्रकार के स्लोगन जैसे जन जन का एक ही नारा नशा मुक्त हो भारत अपना सुंदर जीवन को न जलाओ सिगरेट शराब को दूर भगाओ हम सब का यही है सपना नशा मुक्त हो भारत अपना एवं कुछ पल का नशा सारी उम्र की सजा आदि के माध्यम से भारत देश के युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री शालू देवी के निर्देशन में किया गया। अंत में प्राचार्या डॉ प्रोफेसर पूनम शर्मा ने छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चांदी का ब्रेसलेट चोरी होने का आरोप, पुलिस से कार्रवाई की मांग

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मोदीनगर।** थाना मोदीनगर क्षेत्र में वॉलीबॉल खेलने के दौरान चांदी का ब्रेसलेट चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में धर्मपुरी निवासी आदित्य कुमार ने थाना मोदीनगर में प्रार्थना पत्र देकर ब्रेसलेट बरामद कराने और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र के अनुसार आदित्य कुमार 18 सितंबर की शाम करीब छह बजे अपने साथियों के साथ धर्मपुरी में वॉलीबॉल खेल रहा था। इस दौरान उसके हाथ में चांदी का ब्रेसलेट पहना हुआ था। आरोप है कि खेल के दौरान धर्मपुरी निवासी शिवम पुत्र बिट्टू ने ब्रेसलेट की ओर ध्यान दिलाया और कथित रूप से उसे अपने कब्जे में ले लिया।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि खेल समाप्त होने के बाद जब उसने शिवम से अपना ब्रेसलेट वापस मांगा तो उसने ब्रेसलेट देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि इसके बाद शिवम अपने परिवार के साथ घर चला गया। शिकायतकर्ता ने प्रार्थना पत्र में ब्रेसलेट वापस मांगने पर धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया है। आदित्य कुमार ने बताया कि मामले की सूचना 19 सितंबर को डायल-112 के माध्यम से पुलिस को दी गई थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता का कहना है कि मामले में अभी तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। उसने थाना मोदीनगर पुलिस से मामले की जांच कर चांदी का ब्रेसलेट बरामद कराने तथा आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच और कार्रवाई के बाद ही लगाए गए आरोपों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## 'नहीं रुकेंगे, स्वच्छ करेंगे' के संकल्प के साथ हिंडन तट पर चला अभियान



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** नमामि गंगे गंगा विचार मंच, जल शक्ति मंत्रालय के पदाधिकारियों और सदस्यों ने रविवार शाम हरनंदी-हिंडन नदी के तट पर 'नहीं रुकेंगे, स्वच्छ करेंगेइ के संकल्प के साथ स्वच्छता जनजागरण अभियान चलाया। शाम छह से सात बजे तक चले अभियान में कार्यकताओं ने नदी तट की सफाई करने के साथ लोगों को हिंडन को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया। हरनंदी घाट पर 'हर रविवार हरनंदी के द्वार' के संदेश को कार्यरूप देते हुए स्वच्छता अभियान के बाद आरती का आयोजन किया गया। मंच की ओर से प्रत्येक रविवार नदी तट पर स्वच्छता अभियान और आरती आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में छठ घाट पर भी स्वच्छता अभियान और आरती का आयोजन किया जा रहा है।

# 172 केंद्रों पर गूंजी साक्षरता की नई उम्मीद, 1821 वयस्कों ने दी परीक्षा







कपिल चौहान



**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को जिले में असाक्षर वयस्कों की प्रथम मूलभूत साक्षरता परीक्षा आयोजित की गई। जनपद के 172 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा में 1821 परीक्षार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य पढ़ना-लिखना और दैनिक जीवन में उपयोगी मूलभूत गणित सीख रहे वयस्कों के ज्ञान एवं दक्षता का आकलन करना रहा। परीक्षार्थियों ने पढ़ने, लिखने तथा सामान्य गणना से जुड़े सवालों के माध्यम से अपनी सीखने की क्षमता का प्रदर्शन किया। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए केंद्रों पर बैठने, उपस्थिति और परीक्षा सामग्री समेत आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने परीक्षा संचालन में सहयोग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे वयस्कों को साक्षर बनाना है, जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए। विभाग के अनुसार आगे भी असाक्षर वयस्कों को चिन्हित कर साक्षरता गतिविधियों से जोड़ा जाएगा।

# पहली वेटरन राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** पहली वेटरन राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन एच.आर.आई टी यूनिवर्सिटी मेरठ रोड, गाजियाबाद में हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन रहे ।इस आयोजन में विभिन्न प्रदेशों के 50 प्लस पुरुष और 25 प्लस महिला वर्ग की टीमें प्रतिभाग कर रही है। इस अवसर पर एशियन शूंटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर ,कोषाध्यक्ष जयप्रकाश कादियान, शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चैयरमैन श्री अजय पाल प्रमुख, राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता अमरजीत सिह बिडडी, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजूल अग्रवाल, महासचिव जीतराज तोमर, विभिन्न प्रदेशों से पधारे फैडरेशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। आज खेले गए मैचो में पुरुष वर्ग में दिल्ली ने हरियाणा को 21-19, 21- 19 से, विदर्भ ने उत्तराखंड को 12 -21, 21-19, 21- 19 से, यूपी ने गुजरात को 21- 9, 21- 10 से हराया। इसी तरह महिला वर्ग में दिल्ली ने यूपी को 21 -12, 21- 12 से, राजस्थान ने उत्तराखंड को 21 -13, 21-5 से हराया। समापन समारोह आज 20 सितंबर, राष्ट्रीय शूटिंग बाल दिवस के अवसर पर सायंकाल 5:00 बजे संपन्न होगा।

## गंगाजल कनेक्शन के नाम पर 1400 रुपये लेने का आरोप

**ट्रांस हिंडन(वेलकम इंडिया)।** वसुंधरा सेक्टर-17 स्थित ग्रीन व्यू अपार्टमेंट में गंगाजल लाइन से कनेक्शन देने के नाम पर 1400 रुपये लिए जाने का आरोप लगाया गया है। अपार्टमेंट के निवासी पंकज और जितेंद्र का आरोप है कि गंगाजल कनेक्शन के लिए पार्षद की ओर से यह राशि ली जा रही है। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा शुरू हो गई है। निवासियों का आरोप है कि गंगाजल लाइन से कनेक्शन के लिए उनसे 1400 रुपये मांगे जा रहे हैं। उनका कहना है कि कनेक्शन के नाम पर राशि लिए जाने को लेकर उन्हें आपत्ति है और इस संबंध में स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए। वहीं, पार्षद नरेश कुमार भाटी ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति से कनेक्शन के नाम पर कोई वसूली नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि लगाए गए आरोप सही नहीं हैं। जलकल विभाग के महाप्रबंधक केपी आनंद ने बताया कि गंगाजल लाइन से कनेक्शन कराने की प्रक्रिया लोगों को स्वयं करानी है।

# साहिबाबाद में फर्नीचर गोदाम में भीषण आग, दमकल की कई गाड़ियों ने पाया काबू














कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** साहिबाबाद साइट-4 स्थित प्राइम फर्नीचर के गोदाम में रविवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग की सूचना करीब 11:30 बजे फायर स्टेशन साहिबाबाद को मिली। सूचना मिलते ही साहिबाबाद और वैशाली फायर स्टेशन से चार दमकल गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे।

दमकल कर्मियों ने होज लाइन बिछाकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग की तीव्रता और गोदाम में बड़ी मात्रा में फर्नीचर रखे होने के कारण लपटें तेजी से फैल गईं। स्थिति को देखते हुए फायर स्टेशन कोतवाली से भी दमकल की गाड़ियां मौके पर बुलानी पड़ीं। करीब कड़ी मशक्कत के बाद फायर यूनिट ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। गोदाम के भूतल और प्रथम तल पर रखा फर्नीचर व अन्य सामान जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। भवन में फर्नीचर बनाने का काम और शोरूम भी संचालित होता था। आग में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। गोदाम मालिक चंद्र प्रकाश बजाज बताए गए हैं।

# हिंदी भवन में चार घंटे बही कविता की रसधार, 35 प्रतिभाएं सम्मानित, कवियों ने बांधा समां





वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** हिंदी भवन समिति की ओर से आयोजित हिंदी दिवस समारोह एवं कवि सम्मेलन में रविवार को हिंदी के 35 मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके बाद देश के विभिन्न शहरों से आए जाने-माने कवियों ने लगातार करीब चार घंटे तक गीत, गजल, कविता और हास्य रचनाओं से श्रोताओं को बांधे रखा। कवियों की प्रस्तुतियों पर हिंदी भवन तालियों से गूंजता रहा। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीसीपी धवल जायसवाल और मुख्य वक्ता पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. हरीश अरोड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया। डीसीपी धवल जायसवाल ने कहा कि हिंदी के प्रचार-प्रसार और इसे जन-जन तक पहुंचाने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. हरीश अरोड़ा ने हिंदी की वर्तमान स्थिति पर विचार रखते हुए कहा कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हिंदी का भविष्य उज्ज्वल है। हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने कहा कि हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़े के अवसर पर हर वर्ष कवि सम्मेलन के साथ हिंदी के मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। भविष्य में भी हिंदी भवन में ऐसे आयोजन जारी रहेंगे। समारोह में गाजियाबाद के विभिन्न विद्यालयों के हिंदी विषय के 35 मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मान प्रदान किया गया। समिति के महासचिव सुभाष गर्ग समेत अन्य पदाधिकारियों ने कवियों का स्वागत किया। कवि सम्मेलन में सिकंदरा राऊ (हाथरस) से आए गीतकार डॉ. विष्णु सक्सेना ने अपने गीतों से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। दिल्ली से आए डॉ. प्रवीन शुक्ल ने शानदार संचालन के साथ काव्य पाठ किया। राज कौशिक ने नफरत की जगह प्रेम का संदेश देती रचनाओं से खूब तालियां बटोरीं। ग्वालियर के शायर अतुल अजनबी की शायरी को भी खूब दाद मिली। पानीपत से आए हास्य कवि मनु बदायूंनी ने अपनी हास्य रचनाओं से श्रोताओं को जमकर गुदगुदाया। कवयित्री अंजु जैन ने उत्साह और हौसले से भरी रचनाएं सुनाईं। मथुरा से आए ओज के कवि मनवीर मधुर ने राष्ट्रभाव से ओतप्रोत रचनाओं से माहौल में जोश भर दिया। समारोह में शामिल आठ कवियों में से चार कवि पहली बार हिंदी भवन के मंच पर पहुंचे, जबकि अन्य कवियों ने भी अपनी चर्चित रचनाओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

# मुख्यमंत्री योगी ने युवाओं और महिलाओं को विकसित भारत का आधार बताया

## युवा शक्ति और नारी शक्ति के दम पर नए भारत की उड़ान : योगी







कपिल चौहान

**ग्रेटर नोएडा(वेलकम इंडिया)।** गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में 'नारी सम्मान, युवा स्वाभिमान' एवं 'विकसित भारत' की दिशा में महिलाओं और युवाओं के योगदान पर आधारित प्रेरणा विमर्श 2026–'उत्कर्ष' कार्यक्रम का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिभागियों को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं और युवाओं की भूमिका को देश एवं प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए शिक्षा, आत्मनिर्भरता, नवाचार और सामाजिक सहभागिता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि युवा शक्ति और नारी शक्ति के समन्वित प्रयासों से विकसित भारत के संकल्प को गति मिल सकती है। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने सहभागिता की।



मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान सभागार में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान, युवाओं के स्वाभिमान और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। आयोजन का उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को प्रेरित कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ना रहा।

# यूपीआईटीएस 2026 की तैयारियों को सीएम योगी ने परखा

## 25 सितंबर से ग्रेटर नोएडा में जुटेगा वैश्विक व्यापार जगत



कपिल चौहान

**गौतम बुद्ध नगर(वेलकम इंडिया)।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले चौथे उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (यूपीआईटीएस-2026) की तैयारियों की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा की। उन्होंने आयोजन को उत्तर प्रदेश की औद्योगिक, निर्यात और नवाचार क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया। मेले में जापान, वियतनाम, रूस, सिंगापुर, ऑस्ट्रिया और बेलारूस सहित छह भागीदार देशों की भागीदारी होगी। 72 देशों से करीब 600 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के पहुंचने की संभावना है। आयोजन में 20 नॉलेज सेशन, बी2बी बैठकें और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

मुख्यमंत्री ने यातायात, पार्किंग, सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल और भीड़ प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिए। प्रदर्शनी स्थल को प्लास्टिक-मुक्त रखने पर भी जोर दिया गया। आगंतुकों की सुविधा के लिए 500 से अधिक ईवी शटल बसों की व्यवस्था की गई है। मेले में ओडीओपी, एमएसएमई, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, कृषि, फार्मा, टेक्सटाइल और पर्यटन समेत विभिन्न क्षेत्रों की उपलब्धियां प्रदर्शित होंगी।

# कनावनी में किसानों का धरना 38वें दिन भी जारी, आंदोलन को व्यापक बनाने की तैयारी



कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** ग्राम कनावनी में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (GDA) की कार्यप्रणाली और किसानों की मांगों को लेकर चल रहा शांतिपूर्ण धरना रविवार को 38वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर ग्राम पंचायत आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों और ग्रामीणों ने भाग लिया।

पंचायत में किसानों ने अपनी मांगों और आंदोलन की आगामी रणनीति पर चर्चा की। किसानों ने प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताते हुए आंदोलन को और व्यापक स्तर पर ले जाने का निर्णय लिया। पंचायत में तय किया गया कि गांव के किसान एकजुट होकर आसपास के ग्रामीणों और किसानों को भी आंदोलन से जोड़ेंगे।

किसान मथन सिंह नागर ने कहा कि किसानों का संघर्ष शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से जारी है। जब तक मांगों का ठोस और लिखित समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन मजबूती से जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानों की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

धरने में प्रसादी नागर, भगवत सिंह नागर, जयपाल नागर, जगदीश शर्मा, विजय पाल अधाना, कबूल सिंह नागर, दीपचंद नागर, करण सिंह नागर, देवेंद्र नागर, पृथ्वी कसाना, अशोक कसाना और परवीन नागर समेत बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण मौजूद रहे।

# मुरादनगर उद्योग व्यापार मंडल के त्रिवार्षिक चुनाव में पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मुरादनगर।** उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री श्री रामकिशोर अग्रवाल के निदेर्शानुसार मुरादनगर उद्योग व्यापार मंडल का त्रिवार्षिक चुनाव पुरानी गुड़ मंडी, मुरादनगर में आयोजित किया गया। चुनाव प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी एवं प्रदेश मंत्री नीरज गुप्ता तथा सहायक चुनाव अधिकारियों जिला उपाध्यक्ष विनोद जिंदल और जिला मंत्री विनोद धनगर की देखरेख में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पंकज गर्ग ने किया।

चुनाव के दौरान मुख्य संरक्षक राजकुमार गर्ग, श्रीभगवान गर्ग, मनोज मित्तल, अनिल कोहली और वीरेंद्र गर्ग (मुन्ना) सहित संगठन के पदाधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे। सर्वसम्मति से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया।

मुरादनगर अध्यक्ष के रूप में नितिन गोयल, महामंत्री विनय शर्मा तथा कोषाध्यक्ष हरिओम सिंघल निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं विधानसभा अध्यक्ष राकेश गोयल, विधानसभा महामंत्री रामकिशन (भदौली वाले), विधानसभा कोषाध्यक्ष हरिमोहन गोयल, युवा अध्यक्ष अजय वर्मा, युवा महामंत्री अमित भदौली, युवा कोषाध्यक्ष गौरव गर्ग, उद्योग मंच अध्यक्ष प्रमोद गोयल, महामंत्री अंकित सिंघल और कोषाध्यक्ष कुलदीप गर्ग को भी निर्विरोध चुना गया।





निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अमरीस गोयल को जिला उपाध्यक्ष, लोकेश वर्मा को सरार्फा अध्यक्ष, विक्रम चौधरी को रेलवे रोड अध्यक्ष, दयानंद त्यागी को मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष, श्रीभगवान गर्ग को अध्यक्ष, मनोज सिंघल को लोहा व्यापार मंडल महामंत्री, मनोज गोयल को रावली रोड अध्यक्ष तथा सलीम अब्बासी को बस स्टैंड अध्यक्ष घोषित किया गया।

इसके अलावा तेजविंद्र सिंह टोनी को चेयरमैन, तरुण धमीजा को ओएफएम अध्यक्ष, आदित्य सिंघल को सरना रोड अध्यक्ष, मनोज वर्मा को महामंत्री, सुनील मुंडे को बर्तन व्यापार संघ महामंत्री, हाजी ताहिर को इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन महामंत्री, मोहित मुंडे कोषाध्यक्ष तथा मोहित सिंघल को राधेश्याम विहार कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर जीटी रोड, राहुल चौधरी, योगेंद्र कुमार, हरिओम गुप्ता, गोपाल गुप्ता, मनोज शर्मा, सचिन अग्रवाल, सुनील मित्तल, विपिन गोयल, सुशील गोयल, प्रदीप मित्तल, विजय बंसल, शिवकुमार गोयल, नवनीत नीमी, मोहित त्यागी, लोकेश जाटव, मुकुंद गोयल, तरंग सिंघल, रोहित गर्ग, शोभित गर्ग, मानव गर्ग सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल और जिला महामंत्री पंकज गर्ग ने भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारी हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन 'जय व्यापारी, जय व्यापार मंडल' के उद्घोष के साथ हुआ।

# बहरामपुर में महापौर का विरोध, लगे 'मुदार्बाद' के नारे

## विकास कार्यों के शिलान्यास को पहुंचीं सुनीता दयाल को स्थानीय लोगों ने घेरा, बिना कार्यक्रम के लौटना पड़ा





कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** वार्ड नंबर-35 बहरामपुर में विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचीं महापौर सुनीता दयाल को स्थानीय निवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा। महापौर के पहुंचते ही कुछ लोगों ने विरोध जताते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते मौके पर माहौल गरमा गया।

स्थानीय लोगों ने महापौर के खिलाफ 'मुदार्बाद' के नारे लगाए और अपनी नाराजगी जाहिर की। विरोध के बीच महापौर को कार्यक्रम से वापस लौटना पड़ा। इसके चलते प्रस्तावित विकास कार्यों का शिलान्यास कार्यक्रम भी प्रभावित हो गया।

स्थानीय लोगों के विरोध की वजह क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर नाराजगी बताई जा रही है। हालांकि, इस संबंध में अभी महापौर सुनीता दयाल की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। उनकी प्रतिक्रिया के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# टीला मोड़ में वाहन चोरी का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार

## चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, दोनों आरोपियों पर बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज

कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** थाना टीला मोड़ पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 19 सितंबर की रात थाना टीला मोड़ पुलिस टीम कोयल एन्क्लेव सेल्फी प्वाइंट, चौकी तुलसी निकेतन के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान अभिषेक राघव उर्फ कृष (19) निवासी हर्ष विहार, दिल्ली और सुहैल उर्फ सोहेल उर्फ हबड़ू (19) निवासी तुलसी निकेतन, टीला मोड़ के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की। आरोपियों के खिलाफ धारा 317(2)/317(5) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।



# गैस कनेक्शन कटने का झांसा, खाते से 6.26 लाख उड़ाए

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** साइबर जालसाजों ने गैस कनेक्शन कटने का झांसा देकर अभय खंड-तीन स्थित मैंगलम अपार्टमेंट निवासी संगीता से 6.26 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता के मुताबिक ठगों ने गैस कनेक्शन से संबंधित प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर उनके मोबाइल पर एक एपीके फाइल भेजी।

# महिला सुरक्षा को मिलेगा नया नेटवर्क, 24 थानों से जुड़ीं 591 वालंटियर्स





कपिल चौहान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस ने रविवार को नंदग्राम स्थित क्राइस्ट यूनिवर्सिटी में महिला वालंटियर फोर्स (MVF) सम्मेलन आयोजित किया। पुलिस आयुक्त की मौजूदगी में हुए सम्मेलन में महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर संवाद किया गया। कार्यक्रम में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं शामिल हुईं।

MVF के तहत कमिश्नरेट के 24 थाना क्षेत्रों से 591 महिला वालंटियर्स को जोड़ा गया है। डॉक्टर, अधिवक्ता, शिक्षिका, समाजसेवी, काउंसलर, उद्यमी और गृहिणियां अपने क्षेत्रों में महिलाओं से संवाद कर सुरक्षा संबंधी समस्याओं को पुलिस तक पहुंचाने में सहयोग करेंगी।

सम्मेलन में महिलाओं को उनके अधिकारों और पुलिस सहायता सेवाओं की जानकारी देने के साथ साइबर ठगी, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन उत्पीड़न और निजी जानकारी के दुरुपयोग से बचाव के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया।

पुलिस का उद्देश्य समुदाय के स्तर पर संवाद और सहयोग बढ़ाकर महिला सुरक्षा को मजबूत करना है। MVF की थीम 'बात उसकी, बदलाव सबका' रखी गई है।

# गणेश चतुर्थी के उपलक्ष मे गणेश पूजन एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह का भव्य आयोजन









वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति, गाजियाबाद द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष मे गणेश पूजन एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह दिनांक 20 सितम्बर (रविवार) को प्रातः 8:30 बजे से शिव मंदिर, नेहरू नगर प्रांगण में ,समिति अध्यक्ष आर के गुप्ता की अध्यक्षता में बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक माहौल में आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि श्री आई सी अग्रवाल जी जाने माने समाज सेवी रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के पदाधिकारी श्री शशि कान्त नंन्दा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति नंदा द्वारा मुख्य यजमान के रूप मे हवन एवं पूजन से हुआ। विधिविधानपूर्वक भगवान गणेश की पूजा-अर्चना एवं वंदना के उपरांत प्रसाद वितरण कराया गया। इसके बाद छात्रवृत्ति वितरण समारोह का शुभारम्भ वी पी रस्तोगी जी द्वारा संचालन करते हुए मंत्रोच्चारण से किया गया । इस अवसर पर समिति महासचिव हरिपालसिह ने समिति के उद्देश्यों एवं सेवा गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। समिति द्वारा इस अवसर पर 167 मेधावी एवं जरूरतमंद, आर्थिक रूप से कमजोर, छात्र-छात्राओ को, जो गाजियाबाद के विभिन्न विद्यालयों से चयनित किए गए , कुल 6-68 लाख की छात्रवृत्ति वितरित की गई ।



श्री ए. के. गुप्ता ने बताया कि यह धनराशि समिति सदस्यों एवं समाजसेवी दानदाताओं के सहयोग से एकत्र की गई है। समिति के अध्यक्ष आर के गुप्ता ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा 'आप ही देश का भविष्य हो। शिक्षा ही समाज में परिवर्तन ला सकती है। मन लगाकर पढ़ाई करें और जिम्मेदार नागरिक बनें। आपकी पढ़ाई में आर्थिक अभाव नहीं आने दिया जाएगा, समिति सदैव सहयोग के लिए तत्पर है।' समिति के संरक्षक डाक्टर जे एल रैना ने छात्र-छात्राओ को आशीर्वाद देते हुए कहा आप सभी प्रतिभावान है ,आप अच्छे अंक लाते रहो, समिति आपको आर्थिक सहयोग प्रदान करती रहेगी। मुख्य अतिथि श्री आई सी अग्रवाल जी ने छात्र-छात्राओ को छात्रवृति वितरित करते हुए आशीर्वाद प्रदान किए और विद्यार्थियो के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अपने सम्बोधन मे समिति के द्वारा किए जा रहे पावन सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के लिए सहयोग प्रदान करना अत्यंत पुनीत कार्य है। इसके उपरांत भजन मंडली श्री मल्होत्रा एण्ड पार्टी द्वारा प्रस्तुत भजनों ने कार्यक्रम स्थल को भक्तिमय बना दिया। समारोह के समापन पर अध्यक्ष आर के गुप्ता ने सभी उपस्थित सदस्यों, मातृशक्ति तथा दानदाताओ, एवं भजन मंडली का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया । राष्ट्रगान एवं सभी को प्रसाद वितरण (भोजन) के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से , रमेश अरोरा, एल. डी. शर्मा, एम. बी. भारद्वाज, बी. जी. शर्मा, ठाकुर दास सैनी, डाक्टर चन्द्र भूषण, अनिल चौधरी, डी. के. शर्मा,देशबन्धुगोयल, राजश्री रैना, सरिता गुप्ता, रेखा रस्तोगी, सरोज भूषण, पुष्पा शर्मा, शशि शर्मा, कमलेशअरोड़ा,मिथलेश बंसल, सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।